हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



कैमरे में कैद हुआ अवनीत कौर का हॉट लुक



www.naisochlive.com | पटना, रविवार, 16 फरवरी 2025, वर्ष- 07, अंक- 353, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

## महाकुम्भ में कैसे गिने जाते हैं श्रद्धालु, पहली बार अंग्रेजों ने करायी थी गिनती

**एजेंसी, महाकुम्भ नगर**

महाकुम्भ जब 13 जनवरी को शुरू हुआ था, तब 40-45 करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने को अनुमान था। लेकिन श्रद्धालुओं का आंकड़ा 14 फरवरी को 50 करोड़ की संख्या पार कर चुका है। अभी मेले को खत्म होने में 11 दिन शेष बचे हैं। श्रद्धालुओं का संगम की धरती पर आना लगातार जारी है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि यह आंकड़ा 55-60 करोड़ के बीच रहेगा।हालांकि श्रद्धालुओं की इतनी बड़ी संख्या को लेकर कई तरह के सवाल भी उठते हैं। एक बड़ा सवाल यह है कि इस धार्मिक आयोजन में स्नान करने वालों यानी भीड़ के आंकड़े जुटाए कैसे जाते हैं? प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए अब अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन भीड़ के आंकड़े पहले भी आया करते थे और स्नान पर्वों पर भीड़ के तमाम रिकॉर्ड बनते और टूटते रहे हैं। आंकड़ों पर सवाल भी हमेशा उठते रहे हैं। गिनती की 1882 में हुई थी शुरूआत : इतिहास के पन्ने में उल्लेखित रिकॉर्ड के मुताबिक कुम्भ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की पहली बार गिनती ब्रिटिश हुकूमत ने सन 1882 में की थी। उस वक्त प्रयागराज कुम्भ में आने वाली हर सड़क पर बैरिकेड्स लगा दिए जाते थे। फिर हर आने वाले की गिनती होती थी। रेलवे स्टेशन के टिकट को भी जोड़ा जाता था। उस कुम्भ में करीब 10 लाख लोग शामिल हुए थे। इसके बाद यह संख्या हर कुम्भ में बढ़ती चली गई। लेकिन, गिनती का तरीका यही रहा। महाकुम्भ-2025 हाईटेक हो गया है। डिजिटल कैमरों के जरिए गिनती करना थोड़ा-सा आसान हुआ है। मेला प्रशासन ने पूरे शहर में 2700 कैमरे लगाए हैं। इनमें 1800 कैमरे मेला क्षेत्र में लगे हैं। 1100 स्थाई और बाकी के 700 अस्थाई कैमरे हैं। 270 से ज्यादा कैमरे



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई से लैस हैं। इन कैमरों की रेंज में जैसे ही कोई व्यक्ति आता है, उसकी गिनती हो जाती है। ये स्टेशन, मेला क्षेत्र के एंट्री पॉइंट, संगम एरिया और अखाड़ों के साइड में लगाए गए हैं। एआई बेस्ड कैमरे मिनट दर मिनट आंकड़े अपडेट करते हैं। महाकुम्भ मेला एसएसपी और मेला अधिकारी की मानें तो एआई कैमरे भीड़ की गिनती करने में इस बार अहम भूमिका निभा रहे हैं। मेला प्रशासन भीड़ की कुल तीन तरह से गिनती करता है। पहला-मेला क्षेत्र में कितने लोग मौजूद हैं? दूसरा-कितने लोग चल रहे हैं? तीसरा-कितने लोग स्नान कर रहे हैं? जो व्यक्ति मेले में मौजूद हैं, वह दिन में एक बार काउंट होगा। लेकिन अगर वही अगले दिन फिर आता है तो वह दोबारा भी काउंट होगा। पहली बार एआई के जरिए गिनती की जाती है। यह एक इमर्जिंग टेक्नोलॉजी है, जिसका पहली बार इतने बड़े स्तर पर प्रयोग हो रहा है। करीब 225 एआई कैमरे लगे हैं। जो भी इसकी रेंज में आता है, उसकी गिनती होती है। मेला क्षेत्र में और मेला क्षेत्र में पहुंचने वाले रास्तों पर इन्हें लगाया गया है। इसके अलावा पुराने तरीके से भी गिनती हो रही है, वह गणित के एक फॉर्मूले के आधार पर की जा रही है। हालांकि कोई भी तरीका किसी भी जगह सौ प्रतिशत एरर फ्री नहीं होता। गिनती का एक तरीका शहर में प्रवेश करने वाली भीड़ से जुड़ा है। जैसे प्रयागराज शहर में प्रवेश करने के कुल सात प्रमुख रास्ते हैं। प्रमुख स्नान पर्व पर गाड़ियों को रोका जाता है। उस दिन शहर के अंदर प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति को यह माना जाता है कि वह कुम्भ में शामिल होने आया है। यही भीड़ मेला क्षेत्र में कुल 12 रास्तों से पहुंचती है। वहां भी क्षेत्रफल, घनत्व को मानक बनाकर एक मीटर में प्रति घंटे गुजरती भीड़ को आधार मानकर गिनती होती है। बाहर से आने वाले लोगों की संख्या के बाद ट्रेन से आने वाले लोगों की संख्या जोड़ी जाती है। मेले के लिए बनाई गई पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को जोड़ा जाता है। कुम्भ में पहली बार साल 2013 में सांख्यिकीय विधि से भीड़ का अनुमान लगाया गया था। इस विधि के अनुसार एक व्यक्ति को स्नान करने के लिए करीब 0.25 मीटर की जगह चाहिए और उसे नहाने में करीब 15 मिनट का समय लगेगा। इस गणना के मुताबिक एक घंटे में एक घाट पर अधिकतम साढ़े बारह हजार लोग स्नान कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### इजराइल की घोषणा, हमास आज तीन बंधकों को छोड़ेगा



**एजेंसी, तेल अवीव।** इजराइल ने गाजा पट्टी में आज आतंकवादी समूह हमास के जरिये फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद की कैद से रिहा किए जाने वाले तीन बंधकों के नामों की घोषणा की। ये हैं-अमेरिकी-इजराइली सागुई डेकेल-चेन (बाएं), रूसी-इजराइली एलेक्जेंडर ट्रूफानोव (मध्य) और अर्जेंटीनाई इजराइली आयर हॉर्न (दाएं)। तीनों को सात अक्टूबर, 2023 को अगवा किया गया था। यह रिहाई पिछले महीने इजराइल और हमास के बीच हुए संघर्ष विराम और बंधकों की अदला-बदली समझौते के तहत होगी।

### विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है महाकुम्भ : प्रमोद सावंत

**एजेंसी, महाकुम्भ नगर।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि महाकुम्भ विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन हैं। प्रति दिन एक करोड़ श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसा आयोजन विश्व में अपने आप में एक अलग रिकार्ड बना है। इसके लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रशंसा के पात्र हैं।यह बात उन्होंने शनिवार को महाकुम्भ पहुंचने पर कही। उनके साथ ही मंत्रिमंडल के सदस्य और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रामू नाइक भी आए हैं। गोवा के मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व में सबसे बड़े धार्मिक आयोजन करने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने बेहतरीन सुरक्षा व्यवस्था की है।

### प्रधानमंत्री रविवार को दिल्ली में भारत टेक्स 2025 में भाग लेंगे



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को शाम 4 बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स-2025 में भाग लेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। इसमें 120 से अधिक देशों के नीति निर्माता और वैश्विक सीईओ, प्रदर्शक, अंतरराष्ट्रीय खरीदार भाग लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि भारत टेक्स 2025, एक व्यापक स्तर का वैश्विक कार्यक्रम है और इसका आयोजन 14-17 फरवरी को भारत मंडपम में किया जा रहा है। यह एक विशिष्ठ कार्यक्रम है क्योंकि यह कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों तक की संपूर्ण वस्त्र मूल्य श्रृंखला को एक ही मंच पर एक साथ लाता है।

## बांग्लादेश का क्या करना है ट्रंप ने पीएम मोदी को दिया फ्री हैंड

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार और रिश्तों पर चर्चा की। साथ ही ट्रंप ने कहा, मैं बांग्लादेश का मुद्दा पीएम मोदी पर छोड़ता हूं।अमेरिका पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप में बांग्लादेश मुद्दे को लेकर बड़ी चर्चा हुई है। खबर है कि ट्रंप ने बांग्लादेश में जारी हालात में अमेरिका की भूमिका से साफ इनकार कर दिया है। साथ ही मुल्क को लेकर फैसला भी पीएम मोदी पर छोड़ा है। साथ ही भारतीय पीएम ने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से भी बांग्लादेश के हालात को लेकर चर्चा की है। रिपोर्ट के मुताबिक पद की शपथ लेने के बाद ट्रंप अब तक चार नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं। सरकार में उनकी वापसी के बाद सबसे पहले व्हाइट हाउस



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पहुंचे थे। इसके बाद जापान के पीएम शिगेरु इशिबा और इसके बाद जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय ने भी अमेरिका पहुंचकर ट्रंप से मुलाकात की थी। बीते साल बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के दौरान हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना की सरकार गिर गई थीं। खुद उन्हें देश छोड़कर भागना पड़ गया था। इसके बाद नोबल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाया गया था। खास बात है कि एक ओर जहां यूनुस को अमेरिकी नेता हिलेरी क्लिंटन का करीबी माना जाता हैं। वहीं, ट्रंप और वह एक दूसरे को खास पसंद नहीं करते हैं। यूनुस ने ट्रंप के पहली बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने पर भी आलोचना की थी। विदेश मंत्रालय ने गबार्ड के साथ हुई पीएम मोदी की बैठक को लेकर कहा, चर्चा के मुद्दे द्विपक्षीय खुफिया सहयोग बढ़ाने, साइबर सिक्योरिटी, उभरते हुए खतरे और रणनीतिक खुफिया जानकारी साझा करे के रहे। माना जा रहा है कि बांग्लादेश की स्थिति लेकर भी दोनों के बीच चर्चा हुई है। खास बात है कि भारत के पड़ोसी मुल्क में जारी हालात का भारत की सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी काफी असर पड़ता है। गबार्ड कई मौकों पर पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठा चुकी हैं। साल 2021 में उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस में बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए प्रस्ताव पेश किया था। तब उन्होंने प्रस्ताव में बताया था कि कैसे 50 साल पहले पाकिस्तानी सेना ने हजारों बांग्लादेश में बंगाली हिन्दुओं को प्रताड़ित किया और हत्या कर दी।

## राष्ट्रीय हित किसी भी राजनीतिक या व्यक्तिगत हित से बड़ा है : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी, कटरा**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कटरा स्थित श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय (एसएमवीडीयू) के दीक्षांत समारोह में भाग लिया और इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय हित किसी भी राजनीतिक या व्यक्तिगत हित से बड़ा है। एसएमवीडीयू परिसर के मातृका सभागार में आयोजित 10वें दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम भारतीय हैं और भारतीय होना हमारी पहचान है। राष्ट्रवाद हमारा धर्म है और चाहे जो भी परिस्थिति हो, राष्ट्रवाद को सर्वोच्च स्तर पर रखना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोई भी राजनीतिक या व्यक्तिगत हित राष्ट्रीय हित से बड़ा नहीं हो सकता है। उन्होंने अगस्त 2019 में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को भी ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि संवैधानिक प्रावधान अस्थायी प्रकृति का था। समारोह में उपराष्ट्रपति व अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा चयनित छात्रों को कुल 26 पदक, नौ विशिष्टता प्रमाण पत्र और उत्कृष्टता



के लिए 10 इंफोसिस फाउंडेशन पुरस्कार प्रदान किए गए। कुल 501 पुरुष और 408 महिला छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। समारोह में उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, शिक्षा मंत्री सकीना फिरदौस भी शामिल हुए। इससे पहले उपराज्यपाल जो विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं ने जम्मू हवाई अड्डे पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड का स्वागत किया।विश्व विद्यालय प्रशासन ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में एसएमवीडीयू के कुल 684 छात्रों ने विभिन्न विषयों में स्नातक की डिग्री के लिए अर्हता प्राप्त की है, जिसमें 147 छात्रों ने मास्टर डिग्री के लिए, 34 छात्रों ने एकीकृत मास्टर डिग्री के लिए और 44 छात्रों ने पीएचडी डिग्री के पुरस्कार के लिए अर्हता प्राप्त की है।

## पोप फ्रांसिस अस्वस्थ, अस्पताल ले जाया गया, सभी कार्यक्रम रद्द

**एजेंसी, वेटिकन सिटी**

पोप फ्रांसिस अस्वस्थ हैं। उन्हें वेटिकन सिटी के पॉलीक्लिनिको एगोस्टिनो जेमेली में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक चिकित्सीय जांच में पुष्टि हुई कि बुखार पीड़ित पोप फ्रांसिस के श्वसन तंत्र में संक्रमण है। उनका इलाज शुरू कर दिया गया है। यह जानकारी वेटिकन ने दी। वेटिकन के अनुसार, 14 फरवरी को पोप फ्रांसिस के अस्पताल में भर्ती होने के बाद 15 फरवरी को जयंती समारोह रद्द कर दिया गया। 16 फरवरी को जयंती अवसर के पवित्र मास की अध्यक्षता संस्कृति और शिक्षा विभाग के प्रीफेक्ट कार्डिनल जोस टॉलेन्टिनो डी मेंडोंका करेंगे। सिनेसिटा में पोप फ्रांसिस के साथ 17 फरवरी को होने वाली कलाकारों की बैठक को भी रद्द कर दिया गया है। पहले वेटिकन ने बताया था कि ब्रोंकाइटिस के इलाज के लिए पोप को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वेटिकन का कहना है कि उनकी चिकित्सीय स्थिति ठीक है। उन्हें हल्का बुखार है। उल्लेखनीय है कि 88 वर्षीय पोप फ्रांसिस का असल नाम जॉर्ज मारियो बर्गोग्लियो है। फ्रांसिस सोसाइटी ऑफ जीसस के सदस्य बनने वाले पहले पोप हैं।

## काशी-तमिल संगमम करेगा तमिलनाडु और काशी के बीच संबंधों को मजबूत: मोदी

**एजेंसी, वाराणसी**

काशी तमिल संगमम-3 की सफलता के लिए वाराणसी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुभकामना संदेश भेजा है। प्रधानमंत्री ने लिखा कि काशी तमिल संगमम न केवल इन यादों को ताज़ा करेगा, बल्कि तमिलनाडु और काशी के बीच संबंधों को और मजबूत करेगा। लोगों की संपूर्ण भागीदारी ने इन संगम को एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना का मशाल वाहक बना दिया है। यह जानकर खुशी हो रही है कि इस वर्ष हमारी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ-साथ




शास्त्रीय तमिल साहित्य में ऋषि अगस्त्य के महत्वपूर्ण योगदान का जश्न मनाया जाएगा। काशी-तमिल संगमम-3 का आयोजन 15 से 24 फरवरी तक किया गया है। प्रधानमंत्री ने यह शुभकामना संदेश अपने अमेरिका दौरे में लिखा। प्रधानमंत्री शुक्रवार देर रात दिल्ली लौट आए हैं। प्रधानमंत्री ने संदेश में लिखा कि वाराणसी में काशी तमिल संगमम-3 के आयोजन के बारे में जानना आनंददायक है। प्रयागराज में महाकुंभ के बीच होने के कारण यह अवसर और भी महत्वपूर्ण हो गया है। तमिलनाडु और काशी के बीच, कावेरी और गंगा के बीच का अटूट संबंध हजारों साल पुराना है। पिछले दो संगमों के दौरान लोगों की हार्दिक भावनाओं और अनुभवों ने भारत की विविध संस्कृति की सुंदरता के साथ-साथ लोगों के बीच मजबूत संबंधों को भी प्रदर्शित किया।

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत का अनमोल उदाहरण है महाकुम्भ : पीयूष गोयल

### केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संगम में लगाई पावन डुबकी

**एजेंसी, महाकुम्भ नगर**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल शनिवार को त्रिवेणी संगम पहुंचे और आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने महाकुम्भ को एक भारत- श्रेष्ठ भारत का अनमोल उदाहरण बताते हुए कहा कि विश्व भर के लोगों की आस्था देख कर आनंद की अनुभूति हो रही है। हमारा सनातन धर्म सुरक्षित है और यह देश को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगा। उन्होंने प्रयागराज में परमार्थ निकेतन आश्रम (ऋषिकेश) के प्रमुख, स्वामी चिदानंद सरस्वती के दर्शन कर, उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। पीयूष गोयल ने मीडिया से कहा कि यह सचमुच एक भावनात्मक क्षण है। महाकुम्भ में आने का सौभाग्य मिलना एक आशीर्वाद जैसा है। यह भारत की सामूहिक भावना का अद्भुत उदाहरण है। अब तक 50 करोड़ से अधिक लोग देश और विदेश से महाकुम्भ में आ चुके हैं, जिससे भारत की बढ़ती शक्ति का संदेश पूरी दुनिया में गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं जब बेल्जियम में था, तब मुझे जानकारी मिली कि कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन महाकुम्भ आना चाहते हैं। मैंने तुरंत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की और उनकी यात्रा की व्यवस्था करवाई। इस अनूठे अनुभव के बाद वे बेहद उत्साहित थे। महाकुम्भ का यह आयोजन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संदेश पूरे विश्व और देश तक पहुंचाएगा।



## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने सपरिवार किए बाबा विश्वनाथ के दर्शन

### दो दिवसीय वाराणसी प्रवास में मुख्यमंत्री फडणवीस मराठी समाज के लोगों से भी मिले

**एजेंसी, वाराणसी**

प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर आस्था की डुबकी लगाने के बाद शुक्रवार देर शाम वाराणसी पहुंचे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने परिवार के साथ बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। बाबा विश्वनाथ के दरबार में पत्नी अमृता, बेटी दिविजा और परिवार के अन्य लोगों के साथ फडणवीस ने



विधि-विधान से दर्शन पूजन किया। मंदिर परिसर में ही उन्होंने रुद्राभिषेक भी कराया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने वाराणसी में मराठी समाज के लोगों से भी मुलाकात की। इसके पहले मुख्यमंत्री ने नमोघाट से लक्जरी क्रूज पर सवार गंगाघाटों के नैसर्गिक सौन्दर्य को निहारा। गंगा में नौकायन के दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस साथ चल रहे गाइड और भाजपा के स्थानीय नेताओं से सभी 84 घाटों के इतिहास के बारे में भी जानकारी लेते रहे और अपने परिजनों को बताते रहे। क्रूज पर सवारी के दौरान उन्होंने कुल्हण में परिवार के साथ चाय भी पी। इस दौरान उन्होंने वाराणसी में विकास कार्यों को देख प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर सराहना की। गंगा में नौकायन के बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ललिताघाट से बाबा विश्वनाथ के दरबार में पहुंचे। फडणवीस ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद पत्रकारों से भी खुलकर बातचीत की। उन्होंने काशी में हुए विकास कार्यों की तारीफ कर कहा कि नमो घाट पर भारत की प्राचीन एवं महान संस्कृति की भव्यता को साफ देखा जा सकता है। काशी हर दिन बदल रही है और अपनी पुरातन संस्कृति को सहेजे हुए है। महाकुंभ को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के आरोपों पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने पलटवार कर उन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने अखिलेश के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि प्रयागराज महाकुंभ की व्यवस्थाएं दिव्य और भव्य हैं, जो देश-दुनिया को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। इसके बाद भी अखिलेश सवाल कर रहे है। कुछ लोग जिंदगी भर आरोप लगाते रहते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जिक्र कर कहा कि जिन्होंने कर्म किया और पुरुषार्थ कर दिखाया, उन पर सवाल नहीं उठाना चाहिए।

# मुख्यमंत्री ने बक्सर जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बक्सर जिले में चल रही समीक्षात्मक बैठक की। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में विकासात्मक योजनाओं के संबंध में समाहरणालय सभागार में समीक्षात्मक बैठक में बक्सर के जिलाधिकारी श्री अंशुल अग्रवाल ने बक्सर जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी ने प्रस्तुतिकरण में बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, हर घर नल का जल एवं उनका अनुरक्षण, हर घर तक पक्की गली-नाली, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, हर खेत तक सिंचाई का पानी, कृषि फीडर का निर्माण, मुख्यमंत्री कृषि विद्युत कनेक्शन योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, स्वास्थ्य उपकेंद्र में टेलीमेडिसिन के माध्यम से चिकित्सा परामर्श, पशु चिकित्सा सेवाओं की डोर स्टेप डिलीवरी एवं पंचायत सरकार भवन के निर्माण की अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा हर पंचायत में 10+2 विद्यालय, ग्राम पंचायत/नगर पंचायत में खेल-कूद को बढ़ावा देने हेतु स्पोर्ट्स क्लब का गठन, प्रत्येक पंचायत में खेल का मैदान, मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष), मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों का गठन, राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता, दाखिल खारिज / परिमार्जन/ परिमार्जन प्लस एवं जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत जीर्णोद्धार कराए गए सार्वजनिक कुओं, पोखर तथा तालाबों की अद्यतन स्थिति के संबंध में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं भी रखीं समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आप सभी का इस समीक्षात्मक बैठक में अभिनंदन एवं स्वागत करता हूं। बक्सर के जिलाधिकारी श्री अंशुल अग्रवाल ने जिले में चल रहे विकासात्मक कार्यों की जानकारी दी है, मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। यहां उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी-अपनी बातें रखी हैं। आज हमने भी यहां कई जगहों पर जाकर विकास कार्यों को देखा है। हम अधिकारियों से कहेंगे कि यहां जो भी जरूरतें हैं, उसे ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करें। हमारा उद्देश्य है हर प्रकार से बिहार की तरक्की हो। भाजपा के साथ मिलकर 24 नवंबर 2005 को हमारी सरकारी बनी। वर्ष 2005 से पहले बिहार की क्या स्थिति थी, आप सभी इससे अवगत हैं। शाम के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते थे। हिन्दू-मुस्लिम के बीच प्रायः झगड़े होते थे, जिसे हमने खत्म कराया। अस्पतालों में इलाज का इंतजाम नहीं था, सड़कें जर्जर थीं। शिक्षा की हालत ठीक नहीं थी। सड़कों का काफी अभाव था। अस्पतालों में मरीजों को दवा नहीं मिलती थी। जब बिहार के लोगों ने हमलोगों को काम करने का मौका दिया, तब से बिहार की स्थिति बदली है। हर क्षेत्र में विकास के काम किए जा रहे हैं। बिहार में अब डर और भय का माहौल खत्म हो गया है। शांति एवं भाईचारा का वातावरण कायम है। वर्ष 2005 के बाद हमलोगों ने बिहार में विकास का जो काम किया है, उसे याद रखियेगा। प्रारंभ से ही हमलोगों ने बिहार के विकास के लिए काम करना शुरू किया, तब से निरंतर बिहार को आगे बढ़ाने में लगे हैं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रधानमंत्रित्व काल में व्यापक पैमाने पर सड़कों का निर्माण किया गया। उन्होंने ही हमें बिहार का मुख्यमंत्री बनाया। पार्टी के कुछ लोगों की गलती के कारण हम दो बार इधर से उधर चले गये, अब ऐसा नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में पहले बिजली की स्थिति काफी दयनीय थी। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली न के बराबर रहती थी, जबकि राजधानी पटना में 8 घंटे से अधिक बिजली की आपूर्ति नहीं हो पाती थी। हिंदू-मुस्लिम विवाद खत्म करने के लिये वर्ष 2006 से हमलोगों ने कब्रिस्तानों की घेराबंदी का काम शुरू कराया। अब तक 8 हजार से अधिक कब्रिस्तानों की घेराबंदी करा दी गई है, 1273 और कब्रिस्तानों को चिह्नित किया गया है, जिसमें से 746 कब्रिस्तानों की घेराबंदी करा दी गई है और शेष बचे कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई जा रही है। हमलोगों ने देखा कि मंदिरों से मूर्ति चोरी की घटनाएं हो रही हैं, इसे देखते हुए 60 वर्ष से पुराने मंदिरों की चहारदीवारी के निर्माण का निर्णय लिया ताकि मंदिरों में चोरी की घटनाएं न हो। हमलोगों ने कोई काम नहीं छोड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने के लिये हमलोगों ने काफी काम कराया। बड़ी संख्या में नये स्कूल भवन बनाये गये। नियोजित शिक्षकों की बहाली की गई। वर्ष 2006 से सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए पोशाक योजना की शुरुआत की गई। वर्ष 2009 से लड़कियों के लिए साइकिल योजना शुरू की गई थी लेकिन जब लड़कों ने मांग शुरू की तो वर्ष 2010 से उनके लिए भी साइकिल योजना शुरू की गई। पहले काफी कम संख्या में लड़कियां पढ़ने जाती थीं। लड़कियों को जब साइकिल दी गई तो वे समय पर स्कूल जाने लगीं। साथ ही शाम में अपने माता-पिता को भी बाजार ले जाती हैं। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में विकास का काम हमलोग करा रहे हैं। बिहार का कोई भी इलाका विकास से वंचित नहीं है। हमलोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण का काम बड़े पैमाने पर कराया है, जिसके कारण बिहार के किसी भी कोने से पहले 6 घंटे में लोग पटना पहुंचते थे, अब उसे घटाकर 5 घंटे किया गया है। इसके लिए हर प्रकार से काम किया जा रहा है। बिहार में बड़े पैमाने पर नियोजित शिक्षकों की बहाली की गई है। स्कूल भवनों का निर्माण कराकर शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने का प्रयास किया गया है। बड़ी संख्या में सरकारी शिक्षकों की भी बहाली की जा रही है। इसके साथ ही नियोजित शिक्षकों को परीक्षा के माध्यम से सरकारी मान्यता प्रदान की जा रही है। मदरसों को भी सरकारी मान्यता प्रदान की गई और वहां पढ़ाने वाले शिक्षकों को सरकारी शिक्षक के अनुरूप वेतन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक माह में सिर्फ 39 मरीज इलाज कराने आते थे। हमलोगों ने सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवा एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई, जिसके कारण अब एक माह में औसतन 11 हजार से अधिक मरीज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने पहुंच रहे हैं। पहले बिहार में सिर्फ 6 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे, अब उनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है। बिहार का सबसे पुराना अस्पताल पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पी०एम०सी०एच०) को 5400 बेड की क्षमता का बनाया जा रहा है। बाकी 5 पुराने मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों का भी विस्तार कर 2500 बेड की क्षमता का अस्पताल बनाया जा रहा है। आई०जी०आई०एम०एस०, पटना का भी विस्तार कर उसे 3000 बेड की क्षमता का अस्पताल बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने वर्ष 2015 से सात निश्चय योजना के माध्यम से हर घर तक नल का जल, हर घर में शौचालय का निर्माण, हर घर तक पक्की गली नाली निर्माण, हर टोले तक पक्की सड़क का निर्माण, हर घर तक बिजली का कनेक्शन जैसी मूलभूत सुविधाएं लोगों तक पहुंचा दी है। जो भी नई बसावटें बनी हैं, उनमें भी ये सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। खुले में शौच करने से लोगों को अनेक प्रकार की बीमारियां होती थीं, जिन परिवारों के घरों में शौचालय निर्माण के लिए जगह नहीं थी. उनके लिए सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया। वर्ष 2020 से सात निश्चय योजना-2 के तहत मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, टेलीमेडिसिन, बाल हृदय योजना, हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिये हमलोग लगातार प्रयास कर रहे हैं ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। हमलोगों ने वर्ष 2006 से पंचायती राज संस्थाओं तथा वर्ष 2007 से नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। इसके बाद अब तक कुल 4 चुनाव संपन्न हो चुके हैं। बड़ी संख्या में महिलाएं चुनकर आई हैं। पहले बिहार में स्वयं सहायता समूह की संख्या काफी कम थी। जब हमलोगों की सरकार बिहार में बनी तो हमलोगों ने वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूह की संख्या को बढ़ाया। बिहार में अब स्वयं सहायता समूह की संख्या 10 लाख 61 हजार हो गई है, जिससे 1 करोड़ 35 लाख जीविका दीदियां जुड़ी हैं। हमलोगों ने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूह की संख्या बढ़ानी शुरू की। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम जीविका दिया और इससे जुड़ी महिलाओं को जीविका दीदी कहा। यहां के काम से प्रेरित होकर उस समय की केंद्र सरकार ने भी इसे अपनाया और इसका नाम आजीविका दिया। हमलोगों ने अब बिहार के शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूह का गठन शुरू कराया है। अब तक शहरी इलाकों में 34 हजार स्वयं सहायता समूह का गठन हो चुका है, जिससे 3 लाख 60 हजार जीविका दीदियां जुड़ चुकी हैं। हमलोगों ने वर्ष 2013 से पुलिस की बहाली में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लिया, जिसका नतीजा है कि बिहार पुलिस बल में महिलाओं की संख्या देश में सबसे अधिक है। बिहार पुलिस में जितनी महिलाएं हैं, देश के किसी भी दूसरे राज्य के पुलिस बल में महिलाओं की संख्या उतनी नहीं है। वर्ष 2018 से हमलोगों ने सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से वर्ष 2020 के बीच में 8 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी गई। हमलोगों ने सात निश्चय योजना-2 के तहत वर्ष 2020 में 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसे बढ़ाकर 12 लाख किया गया है। अब तक 9 लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी दे दी गई है। इसके अलावा 10 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अब तक 24 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराया जा चुका है। वर्ष 2025 में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 12 लाख लोगों को सरकारी नौकरी तथा 34 लाख लोगों को रोजगार मुहैया करा दिया जाएगा। हमलोगों ने सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया है। सभी पार्टियों के साथ बैठक कर बिहार में जाति आधारित गणना कराई गई, जिसमें 94 लाख गरीब परिवारों को चिह्नित किया गया है, जो हर जाति से जुड़े हैं। ऐसे गरीब परिवारों को प्रति परिवार 2 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है ताकि वे अपना जीविकोपार्जन कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बक्सर जिला में विकास के अनेक कार्य कराए गए हैं। यहां इंजीनियरिंग कॉलेज, पारा मेडिकल संस्थान और छात्रावासों का निर्माण कराया गया है। साथ ही राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान, महिला आई०टी०आई०, सभी अनुमंडलों में आई०टी०आई०, जी०एन०एम० संस्थान एवं अनेक सड़क तथा पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया है। यहां जननायक कर्पूरी ठाकुर अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास का निर्माण कराया गया है। अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय विद्यालय का तथा अनुसूचित जाति कन्या आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया गया है। डुमरांव में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना की जाएगी। बक्सर में सिंचाई सुविधाओं का विकास कराया गया है। यहां 39 चेकडैम का निर्माण हुआ है। ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर का विकास एवं सौंदर्गीकरण के साथ ही मंदिर परिसर की घेराबंदी कराई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां 18 पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जा चुका है और शेष 122 पंचायत सरकार भवन का निर्माण भी जून, 2025 तक पूरा करा लिया जाएगा। बक्सर में 2 विद्युत ग्रिड सब स्टेशन तथा 23 पॉवर सब स्टेशन का निर्माण कराया गया है। बक्सर में 26 डेडिकेटेड कृषि फीडर का निर्माण कराया गया है, जिससे 4882 बिजली कनेक्शन किसानों को सिंचाई हेतु उपलब्ध कराया गया है। बक्सर में 13 हजार 123 स्वयं सहायता समूह से 1 लाख 61 हजार जीविका दीदियां जुड़ी हुई हैं। यहां 5 जीविका दीदी की रसोई संचालित है। समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधान सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री तथा बक्सर जिला के प्रभारी मंत्री श्री नितिन नवीन, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री जमा खान, विधायक श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, विधायक श्री अजीत कुमार सिंह, विधायक श्री विश्वनाथ राम, विधान पार्षद श्री राधाचरण साह, विधान पार्षद श्री जीवन कुमार, बक्सर जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती सरोज देवी, बक्सर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती कमरु निशां, जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष श्री विजय कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष श्री अशोक कुमार सिंह, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/ सचिव, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री मयंक बरवड़े, शाहाबाद प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री सत्य प्रकाश, बक्सर के जिलाधिकारी श्री अंशुल अग्रवाल एवं बक्सर के पुलिस अधीक्षक श्री शुभम आर्य सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।




## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान बक्सर जिले के लोगों की मांगों को लेकर किए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं

**पटना।** प्रगति यात्रा के दौरान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बक्सर जिले के लोगों की मांगों को लेकर किए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं। उहोंने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि, ऐसे तो हमने बक्सर जिले में सब तरह के काम करा दिये है कुछ नये काम और कराये जायेंगे। उहोंने कहा कि ज्योति चौक से बक्सर गोलम्बर पश्थ का चौड़ीकरण किया जायेगा। बक्सर कोईलवर तटबंध का कालीकरण एवं सड़क निर्माण किया जायेगा। कौंच नदी पर मलई बराज का कार्य पूर्ण किया जायेगा।



इसका लगभग 93 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। 4. 1.1.1. मैदान में स्पोर्टस काम्पलेक्स का निर्माण किया जायेगा। भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ संगीत महाविद्यालय स्थापित किया जायेगा। राष्ट्रीय उच्च पथ-922 से बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर एवं बाजार तक जाने वाली सड़क का भौडीकरण किया जायेगा। बक्सर शहर में प्रेक्षागृह का निर्माण किया जायेगा। भोजपुर सिमरी पश्व का चौडीकरण एवं मजबूतीकरण किया जायेगा। बढी मन से सेन्ट्रल जेल तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जायेगा। धनसोई बाजार बाईपास पथ का निर्माण किया जायेगा। बक्सार के बक्सर सदर, सिमरी, चौसा, चौगाई एवं केसठ प्रखंडों में नये प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवनों का निर्माण कराया जायेगा। इन सभी कामों को करा दिया जायेगा और इसके अतिरिक्त बक्सर जिले में और कोई भी जरूरत होगी, उसको भी कराया जायेगा। बिहार के हर क्षेत्र में काम हो रहा है, आगे और तेजी से काम होगा। इसके लिए आप सबको बधाई एवं धन्यवाद देता हूँ।

## पवित्र त्रीवेणी संगम के महाकुंभ गंगा में रामकृपाल यादव ने सपरिवार के साथ स्नान किया



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने आज प्रयागराज के पवित्र त्रीवेणी संगम महाकुंभ गंगा में अपने सपरिवार के साथ में गंगा स्नान किया। इस स्नान को उन्होंने जीवन का परम सौभाग्य बताया और उन्होंने कहा कि आस्था, भक्ति और सनातन संस्कृति के अदृभुत संगम प्रयागराज महाकुंभ के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में अपने सपरिवार को पवित्र स्नान का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। मैं और मेरे सपरिवार के लोग इस दिव्य अनुभव को शब्दों में बताना संभव नहीं। महाकुंभ में गंगा मईया की लहरों में मोक्ष की अनुभूति संगम की रेती पर अध्यात्म का स्पंदन और भक्ति में मैं सराबोर असंख्य श्रद्धालुओं का महासागर है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने त्रिवेणी संगम महाकुंभ में सपरिवार के साथ में गंगा स्नान के बाद पूजा अर्चना किया और उन्होंने देश एवं बिहार एवं पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए सुख शांति एवं समृद्धि की दुआ मांगी।

## राज्य के संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को स्वास्थ्य मंत्री ने दिया तोहफा, होगा स्थायीकरण

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने राज्य के संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को स्थायीकरण के लिए घोषणा करते हुए कहा कि अतिशीघ्र ही पब्लिक हेल्थ मैनेजमेंट कैडर लागू किया जाएगा। स्थानीय IMA हॉल में अखिल भारतीय स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी महासंघ ( भारतीय मजदूर संघ ) का द्वितीय त्रैवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन में स्वास्थ्य मंत्री ने यह घोषणा की। अधिवेशन का आयोजन बिहार स्वास्थ्य संविदा कर्मी संघ द्वारा किया गया 1 उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री , बिहार सरकार मंगल पांडेय ने अपने संबोधन में भारत के सभी पद धारकों एवं कर्मचारियों को भारत को मिट्टी नहीं, भारत माता मानकर कार्य करने का अनुरोध किया 1 उन्होंने कहा की इन्हीं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों की बदौलत बिहार स्वास्थ्य के बिभिन्न सूचकांकों में पूरे भारत में अग्रणी रहा है 1 उन्होंने कहा की बिहार में अतिशीघ्र हेल्थ मैनेजमेंट कैडर लागू करने की प्रक्रिया पूर्ण किया जा रहा है 1बिहार सरकार पूर्व मंत्री MLC नीरज कुमार ने कहा कि आगामी विधानमंडल सत्र में NHM कर्मियों को नियमितीकरण के लिए एडवोकेसी करूंगा। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध अखिल भारतीय स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर बिहार स्वास्थ्य संविदा कर्मचारी संघ द्वारा प्राप्त आमंत्रण पर हमें यहां उपस्थित होने का अवसर प्राप्त हुआ है जिसके लिए संघ के तमाम पदाधिकारियों एवं कर्मियों को साधुवाद।उन्होंने कहा कि इस बात के लिए प्रसन्नता हो रही है कि अखिल भारतीय स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी महासंघ का द्वितीय त्रिवार्षिक अधिवेशन बिहार राज्य की राजधानी पटना में आयोजित की जा रही है. बिहार राज्य स्वास्थ्य संविदा कर्मी संघ की प्रतिबद्धता एवं सफल आयोजन हेतु शुभकामनायें. बिहार राज्य स्वास्थ्य संविदा कर्मी संघ के सचिव ललन कुमार सिंह ने इस आयोजन में बिहार एवं अन्य राज्यों से आए सभी प्रतिनिधियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि जहां की धरती पतित पावनी गंगा, सदानीरा सोन, गंडक, घाघरा, पुनपुन जैसे नदियों के जल से गलबाहीं करती है ,पावन धरती पर सभी साथियों का स्वागत है। अधिवेशन में राष्ट्रीय बी.एम.एस. ( केन्द्रीय ट्रेड यूनियन संगठन, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त) सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय (उप महासचिव - बी.एम.एस.), गणेश मिश्रा (उप संगठन सचिव - बी.एम. एस.) अखिल भारतीय स्वास्थ्य एवं एन.एच.एम. कर्मचारीमहासंघ(ए. आई.एच.एन.ई.एफ.) अध्यक्ष,रमेश कुमार, महासचिव , विश्वराद्य एच. यामोजी एवं कोषाध्यक्ष , दिनेश कुमार कौशिक प्रदेश बी.एम.एस. बिहार अध्यक्ष, राजेश कुमार लाल एवं महासचिव , संजय कुमार सिन्हा बिहार राज्य स्वास्थ्य संविदा कर्मी संघ - महासचिव , ललन सिंह एवं सभी बी.एम.एस. वरिष्ठ नेतागण, राष्ट्रीय एवं राज्य स्वास्थ्य संघ पदाधिकारीगण एवं सम्मानित प्रतिनिधिगण ने भाग लिया । BMS का वैचारिक दृष्टिकोण भारत के बाकी केंद्रीय ट्रेड यूनियन संगठनों से अलग है। भारतीय संस्कृति BMS का वैचारिक आधार है 1955 से BMS ने मजदूर आंदोलन में अपनी विचारधारा के अनुरूप कई नारे पेश किए हैं जैसेः

भारत माता की जय - "भारत माता की जय" एक ऐसा नारा था जो भारतीय मजदूर क्षेत्र के लिए बिल्कुल अलग था। जब BMS ने पहली बार इस नारे को पेश किया तो मजदूर आश्चर्यचकित हो गए और इस तरह से उन्होंने वर्गीय और राष्ट्रीय दृष्टिकोण के बीच की खाई को पाटने की कोशिश की। मूल रूप से देशभक्त होने के कारण, मजदूरों ने इस नारे को अपनाने में देर नहीं लगाई। मजदूरों, दुनिया को एक करो - 1955 में, व्यापक रूप से प्रचलित नारा थाः दुनिया के मजदूर? एक हो जाओ - वास्तव में यह चौतरफा विघटन का नारा था। हमने इसे अस्वीकार कर दिया और इसे अपने स्वयं के नारे से बदल दियाः "मजदूरों, दुनिया को एक करो"।

"राष्ट्र का औद्योगिकीकरण करो, श्रम का राष्ट्रीयकरण करो और उद्योग का श्रमिकीकरण करो"।

देश के हित में करेंगे काम, काम का लेंगे पूरा दाम। (हम देश के हित में काम करेंगे और काम के लिए पूरा पारिश्रमिक लेंगे।) त्याग, तपस्या और बलिदान (बलिदान, तपस्या और शहादत) जो BMS कार्यकर्ता (श्रमिकों) की मुख्य पहचान हैं। BMS आज न केवल भारत का सबसे बड़ा केंद्रीय ट्रेड यूनियन है, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा स्वतंत्र राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन भी है। 2021 में परिकल्पित और 2022 में स्थापित अखिल भारतीय स्वास्थ्य और NHM कर्मचारी महासंघ (AIHNEF, BMS का हिस्सा) के इस ऐतिहासिक समागम को जानना सम्मान की बात है @गाजियाबाद यूपी इसके पहले सम्मेलन में 21+ राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह दूसरा सम्मेलन पूरे भारत में संविदा और आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मियों के अधिकारों और मान्यता के लिए हमारे चल रहे संघर्ष में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमें गर्व है, हमारा बिहार सभी राज्यों के प्रतिनिधियों की मेज़बानी करने में गौरवान्वित है। उल्लेखनीय है कि L20 शिखर सम्मेलन पटना, बिहार में इसी भावना के साथ आयोजित किया गया था जिसमें BMS के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में G20 राष्ट्रों + अफ्रीकी संघ के 29+ देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था।



## पटना में 19 फरवरी को होगी ऐतिहासिक कुर्मी एकता रैली, तैयारियों को लेकर अमनौर विधायक मंटू सिंह पटेल और प्रो. जितेंद्र ने की प्रेस वार्ता

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** आगामी 19 फरवरी 2025 को पटना के मिलर स्कूल ग्राउंड में आयोजित होने वाली कुर्मी एकता रैली को लेकर आज पटना में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें अमनौर के विधायक मंटू सिंह पटेल और रैली आयोजन समिति से जुड़े प्रो. जितेंद्र ने मीडिया को संबोधित किया।

**रैली का उद्देश्य-**

विधायक मंटू सिंह पटेल ने बताया कि यह रैली कुर्मी समाज के राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए एक ऐतिहासिक कदम होगी। उन्होंने कहा, "कुर्मी समाज की एकता ही हमारी ताकत है। यह रैली हमारे हक, अधिकार और सम्मान को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।" प्रो. जितेंद्र ने कहा कि कुर्मी समाज को एकजुट करना और उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुँचाना इस रैली का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने आगे बताया, "इस रैली के माध्यम से हम अपनी मांगों को बुलंद करेंगे और सरकार से उचित प्रतिनिधित्व एवं विकास योजनाओं में भागीदारी की माँग करेंगे।"



**रैली की प्रमुख बातेंः**

**स्थानः** मिलर स्कूल ग्राउंड, पटना
**तारीखः** 19 फरवरी 2025
**समयः** सुबह 10:00 बजे से

**उद्देश्यः** कुर्मी समाज की एकता, अधिकारों की रक्षा और राजनीतिक भागीदारी

**तैयारियों को लेकर व्यापक व्यवस्थाएँ**-रैली को लेकर यातायात और सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। आयोजन समिति ने प्रशासन से भी सहयोग की माँग की है ताकि रैली शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो। राज्यभर से हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना है। विधायक मंटू सिंह पटेल और प्रो. जितेंद्र ने सभी कुर्मी समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रैली में शामिल होने की अपील की।

## पोस्टर में घोड़े पर बैठकर लालू से आगे निकलना चाहते हैं तेजस्वी : प्रभाकर मिश्र

नई सोच एक्सप्रेस

» लालू ने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में की भैंस की सवारी
» राजद में चापलूसी चरम पर
» भाजपा प्रवक्ता ने तेजस्वी के घोड़े वाले पोस्टर पर कसा तंज

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने शनिवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को घोड़े पर बैठे दिखाये जाने वाले पोस्टर पर जमकर तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी यादव अपने पिता लालू प्रसाद से आगे निकलने की होड़ में हैं, उनके पिताजी भैंस पर बैठते थे और तेजस्वी की चापलूसी करने वाले राजद कार्यकर्ता उन्हें घोड़े पर दिखा रहे हैं। लेकिन, कार्यकर्ता के इस चापलूसी वाले बैनर से राजद का वोट बिगड़ सकता है। क्योंकि, जब लालू को उनके समर्थक भैंस पर देखना पसंद करते हैं, तब तेजस्वी को घोड़े पर वे कभी स्वीकार नहीं कर सकते। श्री मिश्र ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि असल में राजद में चापलूसी चरम पर है। हर कार्यकर्ता लालू परिवार के किसी न किसी व्यक्ति को पकड़े हुए है। कोई लालू की सेवा-टहल में लगा है, तो कोई तेजस्वी की चापलूसी में बैनर-पोस्टर लगा रहा है, तो कोई तेज प्रताप को साष्टांग दंडवत कर रहा है। राबड़ी देवी से लेकर मीसा भारती और रोहणी आचार्य की चापलूसी करनेवालों के अलग-अलग गुट हैं। श्री मिश्र ने कहा कि कार्यकर्ता तेजस्वी को घोड़े पर बैठाएं या भैंस पर। कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। नौंवी फेल तेजस्वी यादव को जनता बिहार की कमान कभी नहीं सोंपेगी। जल्द की तेजस्वी राजनीति के बियाबान में चले जाएंगे।

संक्षिप्त समाचार

## निःशुल्क एक्यूप्रेशर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 22 फरवरी को

**पटना।** मिशन पेन फ्री लाइफ विथ ड्रग्लेस ट्रीटमेंट के तहत, शुरुआती बीमारी को गंभीर और असाध्य बनने से पहले ठीक करने के उद्देश्य से हर घर में एक स्वःचिकित्सक को प्रशिक्षित करने हेतु 22 फरवरी को निशुल्क एक्यूप्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन स्टार्टअप बिहार द्वारा मान्यता आयुषवे एलएलपी और कुसुमपुरम कॉलोनी स्थित आयुष कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण को सफल बनाने के उद्देश्य से एक बैठक को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ पी पुष्कर ने कहा यदि हम शुरुआती लक्षणों को पहचान कर प्राकृतिक चिकित्सा एक्यूप्रेशर - योग, डाइट एवं डिटॉक्स थेरेपी जैसे प्रभावी चिकित्सा द्वारा स्व-चिकित्सा करते हैं तो पूरी जीवन रोग के दर्द और दवा से बच सकते हैं प्राकृतिक चिकित्सा को सिखाना और इस्तेमाल करना बिल्कुल सरल होता है इसके प्रयोग से अपना और अपने परिवार को स्वस्थ रख सकते हैं । प्रशिक्षण में शामिल होने वाले सभी प्रशिक्षु को निःशुल्क स्टडी मैटेरियल, ऑनलाइन थ्योरी क्लास, प्रैक्टिकल प्रशिक्षण और प्रमाण पत्र दिया जाएगा 1

## सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, संसाधन और वित्तीय सहायता प्रदान कर रही हैः अमित शाह




**पटना।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देवभूमि उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेल समापन समारोह को संबोधित किया। अपने संबोधन में गृह मंत्री ने कहा कि भारत वर्ष 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है। भारत ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार होने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। यदि ऐसा होता है तो यह देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसर होगा, क्योंकि यह पहली बार होगा जब भारत ओलंपिक जैसे वैश्विक खेल आयोजन की मेजबानी करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक रणनीतियाँ बनाई जा रही है। भारत सरकार ने आधिकारिक रूप से 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए अपनी दावेदारी भी प्रस्तुत कर दी है। देश की इस दावेदारी को मजबूती देने के लिए कई स्तरों पर योजनाएं बनाई जा रही हैं। अहमदाबाद के निकट बनने वाले स्मार्ट ओलंपिक सिटी को संभावित स्थल के रूप में देखा जा रहा है। इसके अलावा, देश के अन्य प्रमुख शहरों में भी विभिन्न खेलों के आयोजन की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में खेल अवसंरचना को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। स्टेडियमों का नवीनीकरण, नए खेल परिसरों का निर्माण, और खिलाड़ियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं का विकास इस दिशा में अहम कदम हैं। भारत में ओलंपिक खेलों की मेजबानी से भारतीय अर्थव्यवस्था को जबरदस्त लाभ मिल सकता है। पर्यटन, व्यापार, परिवहन और आतिथ्य क्षेत्र में भारी वृद्धि होने की संभावना है। इसके साथ ही, यह आयोजन भारतीय युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करेगा और देश में खेल संस्कृति को और मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'खेल मित्र' कहकर संबोधित करते हैं। जो उनके प्रति सम्मान को दर्शाता है। इस संकल्पना का उद्देश्य न केवल खिलाड़ियों को समर्थन देना है, बल्कि युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करना भी है। सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, संसाधन और वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। यह पहल भारतीय खेल संस्कृति को और अधिक सशक्त बनाएगी।

## डीएवी पब्लिक स्कूल ,आर्य समाज मंदिर में वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन



**पटना।** डीएवी पब्लिक स्कूल ,आर्य समाज मंदिर में 15 फरवरी 2025 को अपनी वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया। आगंतुक अतिथियों व अभिभावकों का तिलक, पुष्प अर्पित कर अभिनंदन और स्वागत के पश्चात प्रदर्शनी का उद्घाटन अभिभावकों के साथ विद्यालय प्राचार्या ऋतु जैन व अन्य शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रदर्शनी के पीछे का उद्देश्य छात्रों और आगंतुकों को नई शिक्षा नीति के साथ बढ़ते छात्रों की गतिविधियों को बारीकियों से अवगत कराना था। इस दौरान बच्चों के द्वारा कई आकर्षक नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी में उभरते वैज्ञानिकों, अंतरिक्ष यात्रियों, गणितज्ञों, वैदिक संस्कृति वेद, उपनिषद यज्ञ - हवन, संगीतकारों, नाटककारों, कवियों और लेखकों की रचनात्मक प्रवृत्ति को प्रदर्शित किया गया। चंद्रयान-3 की सफलता की कहानी की प्रस्तुति, साइबर अपराध और सड़क-सुरक्षा की थीम, ग्राहक जागरूकता के वर्तमान विषय पर आधारित परियोजनाएँ, ग्रीन पर्यावरण मॉडल, मैथ मैजिक के मॉडल, संगीत के मिश्रण का उत्कृष्ट संग्रह, वाद्य यंत्र, देश की प्राचीन विरासत, संस्कृति और साहित्य की प्रदर्शनी ने जीवंत बना दिया। इसने छात्रों के बीच अनुभवात्मक और सहकर्मी सीखने के अलावा सार्वजनिक बोलने, रचनात्मक व सृजनात्मक लेखन, विचार अभिव्यक्ति कौशल, उद्यमशीलता, वैज्ञानिक आधारित गतिविधि सीखने और नई पहल करने की भावना को बढ़ावा दिया। अभिभावकों ने छात्र-छात्राओं के बीच अपने अनुभव साझा किए और उन्हें जीवन मे निरंतर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी और छात्रों को बेहतर नागरिक बनने व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एम पी जैन ने बताया कि मौके पर शिक्षक गीता सिंह, कौशल कुमार, स्वर्णा सहाय, रामजी पांडे, वंदना झा, अनुराधा चौबे, रवि शंकर सिंह, मुकेश चंद्र, सौरभ कुमार, संतोष कुमार, पवन कुमार मिश्रा, मुकेश कुमार सिंह,आशा शुक्ला, प्रतिभा यादव, आदि शिक्षक गण मौजूद थे।

# आईआईटी पटना का 11वां दीक्षांत समारोहः शैक्षिक उत्कृष्टता का उत्सव, 713 छात्रों को मिली डिग्रियाँ

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** आईआईटी पटना का 11वां दीक्षांत समारोह 15 फरवरी 2025 को संस्थान के सभागार में भव्य और उल्लासपूर्ण माहौल में आयोजित हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री जयंत चौधरी, केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा राज्य मंत्री,भारत सरकार, उपस्थित थे। समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में श्री सुनील कुमार, शिक्षा मंत्री, बिहार सरकार शामिल हुए। प्रो. टी.एन. सिंह, अध्यक्ष (कार्यवाहक, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स) एवं आईआईटी पटना के निदेशक ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दीक्षांत समारोह में आईआईटी पटना के अब तक के सबसे बड़े बैच के 713 छात्रों को विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों जैसे बीटेक, एमटेक, एमएससी और पीएचडी में डिग्रियाँ प्रदान की गईं, जिनमें 581 पुरुष और 132 महिला छात्र शामिल थे। यह आयोजन छात्रों और उनके परिवारों के लिए एक गर्वपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण क्षण रहा, जिसमें उन्होंने अपनी शैक्षिक उपलब्धियों का शानदार उत्सव मनाया। मुख्य अतिथि श्री जयंत चौधरी ने अपने संबोधन में आईआईटी संस्थानों की वैश्विक पहचान, शैक्षिक उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। उन्होंने शिक्षा के परिवर्तनकारी प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा, "आपकी शिक्षा ने आपके सपनों को आकार दिया है, और अब आप दुनिया का सामना करने के लिए ऊर्जा और उत्साह से भरे हुए तैयार हैं। हमेशा अपनी जड़ों से जुड़े रहें, क्योंकि जैसे एक पतंग तभी ऊँचाई तक पहुँच सकती है, जब वह अपनी डोरी से जुड़ी रहती है।" उन्होंने आगे कहा, "कौशल ही भविष्य की मुद्रा है। जितना आप इसमें निवेश करेंगे, उतना ही आप कीमती बनेंगे।" समारोह में प्रो. टी. एन. सिंह ने स्नातकों को संबोधित करते हुए कहा, "आप सभी जीवन के एक नए और रोमांचक चरण में कदम रख रहे हैं, जो चुनौतियों, अवसरों और जिम्मेदारियों से भरा हुआ है। याद रखें, आप सभी एक अद्वितीय बैच के छात्र हैं। आपने 2020 में आईआईटी पटना में प्रवेश किया, जो एक ऐसा साल था जब वैश्विक महामारी 'कोरोना' ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया था। इस कठिन दौर ने आपको सहानुभूति, सहयोग और लचीलापन सिखाया है और आप 'वसुधैव कुटुम्बकम' के सिद्धांत के साथ इस संकट से बाहर निकले हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आप यहाँ प्राप्त ज्ञान और कौशल से दुनिया पर सकारात्मक और स्थायी प्रभाव डालेंगे।" सम्मानित अतिथि श्री सुनील कुमार ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में स्नातकों से आग्रह किया, "कभी भी किसी भी परिस्थिति में आशा का दामन न छोड़ें और हमेशा उत्कृष्टता की ओर प्रयास करें। जीवन के उतार-चढ़ावों को स्वीकार करें, क्योंकि यही हमें बेहतर इंसान बनाने में मदद करते हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि प्रेरणा हमें आत्मप्रेरित और केंद्रित बनाए रखने में सहायक होती है। इस विशेष अवसर पर कुछ विशिष्ट छात्रों को शैक्षिक उत्कृष्टता और संस्थान की गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान के लिए चार स्वर्ण पदक और 21 रजत पदक प्रदान किए गए। इसके अलावा, उच्च गुणवत्ता वाले शोध प्रोजेक्ट्स को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 19 छात्रों को प्रोफिशिएंसी पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

**दीक्षांत समारोह के पुरस्कार प्राप्तकर्ताः**

भारत के राष्ट्रपति स्वर्ण पदक – निश्चल जैन, बीटेक (मैकेनिकल इंजीनियरिंग),निदेशक स्वर्ण पदक – रोहित कुमार, बीटेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग),अध्यक्ष स्वर्ण पदक – अम्बिकेश द्विवेदी, एमटेक (जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग),आर्यभट्ट स्वर्ण पदक – बिनायक राउत, एमएससी (भौतिकी), श्री केदारनाथ दास मेमोरियल पुरस्कार (रजत पदक):

**संस्थान रजत पदकः**

**बीटेकः**

उज्जवल आनंद (सिविल इंजीनियरिंग),अभिनव सिंह (सिविल इंजीनियरिंग),अनय विवेक कर्निक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग),मिहिर साहू (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग),निश्चल जैन (मैकेनिकल इंजीनियरिंग), हार्दिक हरिगोपाल तिवारी (मेटालर्जिकल एंड मटेरियल्स इंजीनियरिंग)

**एमएससीः**

सुभास कमिल्या (रसायन विज्ञान),पौषाली दास (गणित),बिनायक राउत (भौतिकी)

**एमटेकः**

कुमारी सुरभि (सिविल इंजीनियरिंग),शशांक कुमार (सिविल इंजीनियरिंग),अम्बिकेश द्विवेदी (जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग),राघवेंद्र रमेश हैबट्टी (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग),दीपक नारायण के एस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस),प्रणव मिश्रा (वीएलएसआई),गौरव कुमार (सिविल एंड एन्वायर्नमेंटल इंजीनियरिंग),निकुंज पंसारी (मैन्युफैक्चरिंग एंड कंट्रोल), एथेना सरकार (मेटालर्जिकल एंड मटेरियल्स इंजीनियरिंग),कोडीदासु पुर्ना राम साई उषा प्रणव (मैकेनिकल इंजीनियरिंग),सौरभ शर्मा (मैकेनिकल इंजीनियरिंग)

**प्रोफेसर दिव्येंदु मुखर्जी पुरस्कारः**

**प्रथम स्थानः** साई नंदन पाणिग्रही, बीटेक (केमिकल इंजीनियरिंग)

**द्वितीय स्थानः** सिद्धार्थ सोमनाथ मेरुकर, बीटेक (केमिकल इंजीनियरिंग) इस वर्ष, आईआईटी पटना ने अपने सबसे बड़े बैच का दीक्षांत समारोह आयोजित किया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों से छात्र एक साथ इस महत्वपूर्ण अवसर का जश्न मनाने के लिए उपस्थित हुए। यह आयोजन उल्लास और उत्सव से भरपूर रहा, जहाँ स्नातकों ने गर्व से अपनी डिग्रियाँ प्राप्त की।

## पटना के कारगिल चौक से सांईस कॉलेज तक दो लेन डबल डेकर कार्य शीघ्र पूर्ण होगा- विजय कुमार सिन्हा

नई सोच एक्सप्रेस

### अशोक राज पथ के जाम की समस्या दूर होगी- विजय कुमार सिन्हा



» गाँधी सेतु पुल के समानांतर चार लेन पुल का कार्य प्रगति पर- विजय कुमार सिन्हा

» गाँधी सेतु के समानांतर चार लेन पुल प्रारंभ होने से उत्तर बिहार से यातायात सुगम होगा-विजय कुमार सिन्हा

**पटना।** कारगिल चैक, गाँधी मैदान से पीएमसीएच, अशोक राज पथ होते हुए सांईस कॉलेज तक एलिवेटेड कॉरिडोर(दो लेन डबल डेकर) के निर्माण कार्यों एवं गाँधी सेतु पुल के समानांतर निर्माणीधीन चार लेन पुल का उप मुख्यमंत्री-सह-पथ निर्माण मंत्री द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उप मुख्यमंत्री-सह-पथ निर्माण मंत्री द्वारा अंभियतांओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उप मुख्यमंत्री-सह-पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि इस दो लेन डबल डेकर पथ के निचले डेक की लम्बाई 1449.30 मीटर एवं ऊपरी डेक की लंबाई 2175.50 मीटर है। डेक की चैड़ाई 8.50 मीटर है। इसके निर्माण हेतु 422 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदत्त है। उप मुख्यमंत्री-सह-पथ निर्माण मंत्री द्वारा बताया गया कि पटना के कारगिल चैक से सांईस कॉलेज तक दो लेन डबल डेकर पथ का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इस डबल डेकर एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण से अशोक राज पथ के जाम की समस्या दूर हो जायेगी। कारगिल चैक, गाँधी मैदान से सांईस कॉलेज तक के मार्ग में बहुत सारे शिक्षण संस्थान है, वहां के छात्रों को इस दो लेन डबल डेकर कॉरिडोर के निर्माण से काफी लाभ होगा। छात्र कम समय में शिक्षण संस्थान तक पहुंच सकेंगे। उप मुख्यमंत्री-सह-पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि एलिवेटेड कॉरिडोर को आमजनों के लिए यथाशीघ्र प्रारंभ किया जाय। इस सेतु अंभियताओं को स्पष्ट निदेश दिए गये है। गाँधी सेतु समानांतर निर्माणीधीन चार लेन पुल का स्थलीय निरीक्षण भी उप मुख्यमंत्री-सह-पथ निर्माण मंत्री द्वारा किया गया। उप मुख्यमंत्री-सह-पथ निर्माण मंत्री द्वारा बताया गया कि इस पुल का निर्माण मई 2023 में प्रारंभ हुआ है। इस पुल को मार्च-2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। उप मुख्यमंत्री-सह-पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि इस पुल का निर्माण कार्य मई 2023 में प्रारंभ हुआ है। यह पुल सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बनाया जा रहा है। मैंनें आज स्टीमर बोट के माध्यम से निर्माण कार्य को निकट से देखा है। उप मुख्यमंत्री-सह-पथ निर्माण मंत्री ने बताया की इस पुल के निर्माण से उत्तर बिहार का आवागमन सुगम होगा। उप मुख्यमंत्री-सह-पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार नितिन गडकरी जी का पूरा सहयोग बिहार प्राप्त हो रहा है। उप मुख्यमंत्री-सह-पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में पथ निर्माण विभाग गुणवत्ता पूर्ण निर्माण हेतु प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नितीश कुमार जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार में सभी क्षेत्रों में विकसित बिहार का सपना साकार हो रहा है ।

## विधायक ने किया शो रूम का उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** राजधानी के कंकरबाग कॉलोनी मोड़ के पास कोब्ब् के नए कपड़े के शो रूम का आज शुभारम्भ किया गया। कुम्हरार के बीजेपी विधायक अरुण कुमार सिन्हा और कम्पनी के मैनेजर मुकेश मिश्रा ने फीता काटकर शो रूम का शुभारम्भ किया वही इस अवसर पर कम्पनी के मैनेजर मुकेश मिश्रा ने कहा शो रूम मे कपड़ो के बेहतरीन कलेक्शन मौजूद है यही नही ब्लेजर और कोर्ट भी काफी कम रेट पर मौजूद है।शो रूम मे अभी ऑफर भी ग्राहकों को मिलेगा और हमलोगो के शो रूम के कपड़ो की कवालिटी बेहतर है।वही सतीश कुमार पप्पू ने भी ग्राहकों से खरीदारी करने और बेहतर कपड़े का क्लेशन होने की बात की।इस अवसर पर सुधाकर शर्मा,मनोज कुमार,रंजन तिवारी,राहुल देव,अंजनी सिन्हा और सुजीत कुमार गुड्डू भी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 75वें जन्मदिवस पर सोनपुर में भव्य आयोजन, जदयू कार्यालय का होगा उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस




**सोनपुर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर, जदयू सलाहकार परिषद के सदस्य और प्रदेश सचिव आचार्य डॉ. राहुल परमार के नेतृत्व में सोनपुर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 1 मार्च को सोनपुर के बाबा हरिहरनाथ मंदिर में होगा, जहां मुख्यमंत्री की दीर्घायु एवं बिहार की प्रगति के लिए विशेष पूजा-पाठ किया जाएगा। इसके अलावा, इस अवसर पर क्षेत्र के जदयू कार्यकर्ताओं के लिए विशाल भंडारे (भोज) का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और आम जनता के शामिल होने की संभावना है। इसी दिन सोनपुर में जदयू के नए स्थानीय कार्यालय का भी उद्घाटन किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक मजबूती मिलेगी।

**नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का विकास**-मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने नेतृत्व में बिहार को विकास के नए पथ पर अग्रसर किया है। उनके कार्यकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण, महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और कानून-व्यवस्था जैसे क्षेत्रों में व्यापक सुधार हुए हैं। डॉ. राहुल परमार ने नीतीश कुमार के इन विकास कार्यों को न केवल समर्थन दिया है, बल्कि उनकी विचारधारा और नीतियों को लोगों तक पहुंचाने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। उनकी लिखी पुस्तकें, लेख और जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से वे मुख्यमंत्री के विज़न को जमीनी स्तर तक ले जाने का कार्य कर रहे हैं।

**नीतीश कुमार द्वारा किए गए प्रमुख कार्य इस प्रकार हैं:**

शराबबंदी कानून लागू कर महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया।

पढ़ाई, दवाई, सिंचाई और कमाई के मंत्र के तहत शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार किया।

मुफ्त साइकिल योजना और पोशाक योजना के तहत लाखों छात्र-छात्राओं को शिक्षा से जोड़ा।

बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए ऋण की सुविधा दी।

सड़क और पुलों के निर्माण से बिहार को हर जिले से जोड़ने का कार्य किया।

रोजगार सृजन के लिए नई औद्योगिक नीति लागू की।

जल-जीवन-हरियाली अभियान के जरिए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया।

डॉ. राहुल परमार की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर विशेष पहल।

आचार्य डॉ. राहुल परमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न पुस्तकों, लेखों और सामाजिक अभियानों के माध्यम से सराहनीय कार्य किया है। उनकी प्रमुख कृतियों में "बिहार विधानसभा चुनाव 2025ः 10वीं बार फिर से नीतीश कुमार" नामक पुस्तक शामिल है, जिसमें मुख्यमंत्री के कार्यों और नीतियों को विस्तार से बताया गया है। इसके अलावा, उन्होंने नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में हुए ऐतिहासिक परिवर्तनों पर कई संगोष्ठियों, परिचर्चाओं और जनसंवाद कार्यक्रमों का भी आयोजन किया है। उनका मानना है कि मुख्यमंत्री की योजनाएं और नीतियां बिहार को सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

**कार्यक्रम में शामिल होंगे पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय जनता**

1 मार्च को आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में जदयू कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। बाबा हरिहरनाथ मंदिर में आयोजित विशेष पूजन में मुख्यमंत्री की लंबी उम्र और बिहार की उन्नति के लिए प्रार्थना की जाएगी। इसके बाद भंडारे (भोज) का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता के लिए भोजन की व्यवस्था होगी। इस अवसर पर सोनपुर में जदयू के नए कार्यालय का भी उद्घाटन किया जाएगा। यह कार्यालय पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का एक प्रमुख केंद्र बनेगा। आचार्य डॉ. राहुल परमार ने सभी जदयू कार्यकर्ताओं और नीतीश कुमार के समर्थकों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक बनाने की अपील की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 75वें जन्मदिवस पर सोनपुर में होने वाला यह आयोजन न केवल मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना का प्रतीक होगा, बल्कि इससे जदयू कार्यकर्ताओं और जनता के बीच एकजुटता भी मजबूत होगी। इस अवसर पर आयोजित पूजा-पाठ, भंडारा और जदयू कार्यालय का उद्घाटन पार्टी के संगठन को और अधिक सशक्त करेगा। आचार्य डॉ. राहुल परमार द्वारा नीतीश कुमार के योगदानों को उजागर करने और पार्टी को मजबूत करने की दिशा में किए जा रहे प्रयास भविष्य में बिहार की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे।

## वैश्विक गाँधी भाषण प्रतियोगिता में संदीप ने मारी बाजी

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** गाँधीयन सोसायटी दिल्ली राष्ट्रीय युवा योजना के तत्वावधान में प्रेम यूथ फाउंडेशन के सहयोग से वैश्विक गाँधी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे पूरी दुनिया से लोगो ने गांधी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर भाषण दिया है । जिसका परिणाम आया है जिसमे पटना जिला के सरहन निवासी संदीप ने दस हजार का पुरस्कार प्राप्त किया है । संदीप के जीत पर बाढ़ में खुशी की लहर है । 24 फरबरी को गुड़गांव में सम्मानित होंगे संदीप । संदीप के पिता किसान और माता गृहणी है साधारण परिवार जन्मे संदीप ने कमाल कर दिया है । प्रेम यूथ फाउंडेशन के महानिदेशक श्याम सुंदर ने शुभकामना व्यक्त करते हुये कहा कि बिहार प्रतिभा के धनी प्रदेश है अवसर मिले तो हर क्षेत्र में झंडा गाड़ सकता है । फाउंडेशन युवाओं के प्रतिभा पहचान कर विकास के दरबाजा खोलता है । शुभकामना व्यक्त करने बालो में इंजीनियर सुरजीत कुमार, पत्रकार शिशुपाल कुमार, लाइफ लाइन ऑक्सीजन बैंक के उपाध्यक्ष आनंद कुमार पाठक, मो राजू, कपिल देव प्रसाद, सुनील कुमार, विकाश कुमार शामिल है ।

## नुक्कड़ नाटक " पंचम वेद " का सफल मंचन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा द्वारा आयोजित भारत जन रंग महोत्सव के तत्वाधान में माध्यम फाउंडेशन, पटना द्वारा सैदपुर नहर, प्राथमिक विद्यालय के पास नुक्कड़ नाटक पंचम वेद का मंचन धर्मेश मेहता के कुशल निर्देशन में सफलता पूर्वक किया गया। जिसमें पंचम वेद के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस नुक्कड़ नाटक में कलाकार चित्र प्रिया, राकेश कुमार, विक्रांत शर्मा, मो सद्रुद्दीन, मीना देवी, सोनल कुमारी, प्रहलाद कुमार, आकाश कुमार, विक्की कुमार, राजू कुमार, अमरजीत शर्मा, मोहन सहनी, देवेंद्र, मनोज, संजय आदि ने भाग लिया। सभी कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को मन मोह लिया। दर्शकों ने भी उनके अभिनय की तारीफ करते हुए नाटक का आनंद उठाया।

संक्षिप्त समाचार

## मैट्रिक परीक्षा के दौरान शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक

**छपरा।** कल से मैट्रिक की परीक्षा शुरू हो रही है, परीक्षा के दौरान शहर में जाम की समस्या से निबटने को लेकर पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। हाल ही में संपन्न इंटरमीडिएट की परीक्षा के दौरान भी शहर के कई प्रमुख इलाकों में दोपहर के समय महाजाम की स्थिति बनी थी। खासकर शहर के थाना चौक से दरोगा राय चौक तथा नगरपालिका चौक से गांधी चौक के बीच कई प्रमुख परीक्षा केंद्रों के आसपास परीक्षार्थी व उनके अभिभावक घंटों जाम में फंसे रहे थे। ऐसे में मैट्रिक परीक्षा के दौरान यह समस्या ना उत्पन्न हो इसे लेकर एसपी डॉ कुमार आशीष के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा एक्शन प्लान बनाया गया है। मैट्रिक परीक्षा के दौरान शहर में 40 से अधिक जगहों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती रहेगी। पांच प्रमुख रूट में वन वे भी लगाया जायेगा।शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश भी परीक्षा अवधि के दौरान नहीं होगा। ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के अलावे नगर थाना व भगवान बाजार थाना की पुलिस द्वारा भी शहर के चौक-चौराहा पर यातायात को सुचारू बनाये रखने की निगरानी की जायेगी।

## जर्जर सड़क को लेकर गरजी जनता



**सुगौली।** प्रखंड के भाटहा पंचायत में सड़क की बदहाल स्थिति और जानलेवा खतरे को लेकर समाजसेवी सुजीत रमन, सचिन सिंह, प्रदीप सिंह राजपूत, गोलू कुमार, असलाउद्दीन खान सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क पांच हजार से अधिक लोगों को जोड़ने का एकमात्र मार्ग है, लेकिन इसकी जर्जर हालत के कारण बड़ी गाड़ियों का आवागमन बंद हो गया है, राहगीरों की जान खतरे में है, और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। टिकुलिया-हरसिद्धि मार्ग की यह सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है, नीचे की मिट्टी और गिट्टियां बह गई हैं, जिससे सड़क कभी भी ध्वस्त हो सकती है। यह साफ दर्शाता है कि ठेकेदार और प्रशासन की मिलीभगत से घटिया निर्माण किया गया, जो अब जनता की जान पर भारी पड़ रहा है।सुजीत रमन ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई अब और तेज होगी।सीधा-सीधा जनता के अधिकारों की लूट है। प्रशासन और ठेकेदारों की लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। भ्रष्टाचार के कारण जनसुविधाएं बर्बाद हो रही हैं, लेकिन अब हम चुप नहीं बैठेंगे। यदि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो हम उग्र आंदोलन करेंगे!"स्थानीय विधायक शशिभूषण सिंह से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने कहा कि 20 तारीख को वे खुद भाटहा पहुंचकर स्थिति का जायजा लेंगे और जल्द से जल्द सड़क निर्माण शुरू कराएंगे। मौके पर सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

## बेतिया ने पांच विकेट से आरा को हराया



**सुगौली।** प्रखंड के आदर्श उच्च विद्यालय में आयोजित प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का उदघाटन मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधि बुचुन तिवारी ने किया।जिसके बाद अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय पात्र किया।आरा क्रिकेट क्लब बनाम बेतिया क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया।जिसमें बेतिया की टीम विजयी रही।बेतिया की टीम टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरा की टीम ने 133 रन बनाई।जिसके जबाब में उतरी बेतिया की टीम 6 विकेट खोकर विजयी रन बना ली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बुचुन तिवारी ने जावेद को दिया गया,जिसने 9 रन देकर चार विकेट लिया। मैच में एम्पायर विजय कुशवाहा व मनोज कुमार,स्कोरर सलौदीन , कमेंटेटर विश्वजीत झा, प्रमोद मिश्र,यश कुमार,विकेश रंजन मिश्र थे। मौके पर व्यवस्थापक मुखिया अवधेश कुशवाहा,असदेव राम,अध्यक्ष रामाश्रय महतो,सचिव पैक्सध्यक्ष संजीव शर्मा,कोषाध्यक्ष संतोष जयसवाल,संदीप मिश्र,प्रदीप कुमार सहित कई मौजूद थे।

## पूरे परिवार के साथ चिराग पासवान ने लगाई आस्था की डुबकी



**पटना।** त्रिवेणी संगम प्रयागराज में राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आस्था की डुबकी लगाई । मीडिया से बात करते हुए कहा ये मेरा सौभाग्य हैं कि स्नान करने का मौका मिला चिराग ने कहा पूरे परिवार के साथ आस्था की डुबकी लगाई। लम्बे समय से सोच रहा कि कि महाकुंभ में स्नान करे मैं विश्वास रखता हूँ अस्था रखता हूँ और उम्मीद रखता हूँ जितने लोग ने यहाँ स्नान किया भगवान उनको ख़ुश रख्खे तर्राकी दे हमारा देश प्रदेश खुशहाल बने प्रधानमंत्री का जो सपना हैं विकसित देश बनाने कि हमलोग उस में सफल हो इन्ही सब कामना के साथ यहाँ आया था उक्त आशय की जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी निशांत मिश्रा ने दी।

## अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड श्री सतीश कुमार ने भारतीय रेलवे के संरक्षा पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की

» स्वचालित सिग्नलिंग, लाईन कर्मचारियों की कार्य अवधि, यार्ड रिमॉडलिंग एवं यार्ड बुनियादी ढांचे, डस्टर प्रबंधन टीम में संरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया गया



**हाजीपुर।** रेलवे बोर्ड के, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सतीश कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से भारतीय रेलवे के संरक्षा पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। इस समीक्षा बैठक में रेल बोर्ड के सदस्यगण, क्षेत्रीय रेलवे के महाप्रबंधक सहित अन्य विभागाध्यक्ष तथा सभी मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक एवं अधिकारीगण वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे । बैठक में रेलवे से जुड़े विभिन्न संरक्षा पहलुओं पर गहन चर्चा की गयी। बैठक में अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड ने स्वचालित सिग्नलिंग, लाईन कर्मचारियों की कार्य अवधि, यार्ड रिमॉडलिंग एवं यार्ड बुनियादी ढांचे, डस्टर प्रबंधन टीम में संरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया । इसके अलावा उन्होंने पाक्षिक संरक्षा कार्य योजना बनाने और उसकी नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश दिये । इस समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के विभागाध्यक्षों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे । इसके साथ ही पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक अपने अपने मंडलों में अधिकारियों के साथ इस समीक्षा बैठक में उपस्थित थे ।

# मध्य विद्यालय सौ ढ भरतखण्ड में सुरक्षित शनिवार मनाया गया

नई सोच एक्सप्रेस




**खगड़िया।** जिले के परबत्ता प्रखंड के मध्य विद्यालय सौ ढ भरतखण्ड में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत फरवरी माह के तीसरे शनिवार को बिजली से घात, जलजमाव से परेशानियां तथा बोरिंग के गड्ढे से होनेवाली घटनाएं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उदघाटन प्रधानाचार्य संजय कुमार पासवान और शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने संयुक्त रूप से किया।प्रधानाचार्य संजय कुमार पासवान ने संबोधित करते कहा कि बिजली से घात और जलजमाव से परेशानी होना आम बात है। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि खराब या कटे फटे तारों के छूने से, गीले हाथों से इलेक्ट्रिक उपकरण करने से, उच्च वोल्टेज तारों के संपर्क में आने से, अर्थिंग न होने के कारण करंट लगना, बिजली गिरने से प्रभावित होने से ऐसा समस्या आ सकती है। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि इसके गंभीर प्रभाव भी हो सकते हैं जैसे हृदय गति का रुकना, तंत्रिका तंत्र पर प्रभाव, स्थाई शारीरिक विकलांगता या मृत्यु तक हो सकती है। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि मध्यम प्रभाव के तहत मांसपेशियों में तेज संकुचन, जलन और झुलसना, सांस लेने में कठिनाई भी हो सकती है। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने इससे बचाव के भी उपाय बताए नंगे तारों और खराब उपकरणों से छूने से बचना चाहिए। बिजली के उपकरणों को गीले हाथों से न छुएं। बच्चों के लिए सॉकेट कवर का उपयोग करें। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि व्यक्ति करंट में फंसा हो, तो लकड़ी या प्लास्टिक की वस्तु से अलग करें। बिजली के स्त्रोत को तुरंत बंद कर देना चाहिए। बिजली से घात से बचाव के लिए सतर्कता और सुरक्षा नियमों का पालन करना जरूरी है। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने जलजमाव के बारे में भी विस्तार से बताया जलजमाव कि वजह से घरों में पानी भर जाता है। जलजमाव की वजह से बिजली के तारों से करंट लगने का खतरा रहता है। जलजमाव की वजह से शाम होते ही घर से बाहर नहीं निकल पाते। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि जलजमाव से कई प्रकार की परेशानियां उत्पन्न होती हैं, जो दैनिक जीवन स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे को प्रभावित कर सकती है। डेंगू, मलेरिया, जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है क्योंकि जमा हुआ पानी मच्छरों के प्रजनन स्थल बन जाता है। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने यह भी बताया कि त्वचा संक्रमण गंदे पानी में चलने से फंगल संक्रमण और खुजली जैसी समस्याएं हो सकती है। मौके पर प्रधानाचार्य संजय कुमार पासवान, शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, रामलाल पंडित, वंदना कुमारी, निरंजन कुमार, रामविनोद साह, मीनाक्षी कुमारी, उत्कर्ष कुमार, सार्थक राज सोनम, प्रीतम, आदित्य, आयुष राजनंदनी, राजवीर, देवराज, वंदना भारती, सपना, आंचल और विद्यालय के सैकड़ों छात्र और छात्राएं मौजूद थीं।

## बैंक कर्मचारियों ने अपने मांगों के समर्थन में किया प्रदर्शन




नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों का 98 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करने वाले यूनाइटेड फोरम ऑफ़ बैंक यूनियंस के आह्वान पर पंजाब नेशनल बैंक मुख्य शाखा छपरा के सामने स्टेट बैंक सहित सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों के कर्मचारियों-अधिकारियों ने अपने मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। बैंक कर्मचारी बैंकों में खाली पड़े पदों पर बहाली करने,ग्रेच्युटी एक्ट में सुधार करने, कर्मचारी अधिकारी निदेशक के 10 वर्षों से खाली पदों को भरने ,कर्मचारी विरोधी नीतियां वापस लेने के आदि के बारे में मांग कर रहे थे। प्रदर्शन का नेतृत्व पंजाब नेशनल बैंक के मनोज कुमार सिंह,अरुण कुमार, सेंट्रल बैंक के जयशंकर प्रसाद,मनीष कुमार स्टेट बैंक के राजकुमार सिंह,सुभाष कुमार सिंह, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के धर्मेंद्र कुमार,मनोज कुमार सिंह, विनोद कुमार पंडित, शैलेंद्र कुमार राय,पम्मी कुमारी राजीव रंजन चौधरी,अमित कुमार सिंह, मंटू शर्मा,रामबाबू प्रसाद ने किया।

## पुलवामा में शहीद जवानों के याद में निकाली गई श्रद्धांजलि यात्रा



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** पुलवामा के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए शान्तिकुँज रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल, फुरसतपुर गड़खा कैंडल मार्च का आयोजन किया गया । मार्च स्कूल से गड़खा शहीद चौक तक गई। इस पद यात्रा में गड़खा थाना के एसएचओ राहुल कुमार, प्रिंसिपल सविता सिन्हा, डायरेक्टर मोहन सिंह , रंजीत गुप्ता, अमित गुप्ता, अखिलेश राय, मो इमरान,भगवान जी, टिंकू गुप्ता ,कृष्णा गुप्ता,पवन सिंह,अर्जुन ,विक्की आदि उपस्थित थे। बता दे की 14 फरवरी 2019 को 44 सैनिक आतंकवादियों द्वारा आत्मघाती हमले में शहीद हो गए थे। भारत के इतिहास में यह दिन जम्मू कश्मीर की एक दुखद घटना के साथ दर्ज है। आतंकियों ने तीन साल पहले देश के सुरक्षाकर्मियों पर कायराना हमला किया था। इस हमले में 45 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे।

## फतुहा में बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण

नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा।** प्रखंड के सीडीपीओ कार्यालय में शनिवार को कोगेल ( इंडिया ) लिमिटेड और यूनिसेड संस्था की ओर से बच्चों के बीच शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मिशन को आगे बड़ाते हुए बिहार विधानसभा सभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव के प्रयास से भाजपा फतुहा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी के नेतृत्व में आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया। मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, भाजपा जिला मंत्री अरविंद यादव, भाजपा प्रदेश नेता राणा राजेंद्र पासवान,जिला प्रवक्ता टीपू सिंह, मनीषा कुमारी, अनिता पाटनी, पूनम केसरी,भाजयुमों अध्यक्ष सुरजीत कुमार ,पुनम कुमारी,सूरज कपुर,शिवनाथ यादव,बबलू शाह सहित यूनीसेड संस्था के अभिषेक दीक्षित,ध्रुव कुमार पाल,आगवाड़ी केन्द्र के सहायिका-सेविका आदि मौजूद थे। वितरण कार्यक्रम में स्कूल बैग पाकर सभी बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखकर उनके अभिभावक बहुत खुश हुए।सीडीपीओ अर्चना सिन्हा ने बताया की फतुहा नगर के सभी केन्द्र के बच्चों की बीच बैग का वितरण किया जायेगा। शनिवार को इसकी शुरुआत की गयी है।

## लेट्स इंस्पायर बिहार

**राहुल कुमार सिंह**
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के सशक्तिकरण से दूर होगा बिहार में प्रदूषण की समस्या



बिहार के इन्फ्रास्ट्रक्चर को खड़ा करने वाले लोगों की आय का 5 प्रतिशत वन रोपण में लगे तभी जटिल पर्यावरणीय समस्या से निजात पाया जा सकता है। स्कूल के पाठ्यक्रम में विशेष रूप से पर्यावरण को जोड़कर माध्यमिक स्तर से 10 पेड़ लगाना और उसका संरक्षण अनिवार्य हो। प्रदूषण की समस्या से निजात पाने में लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान एक प्रमुख भूमिका निभा सकता है, बस जरूरत है अभियान को सशक्त करने का।

नई सोच एक्सप्रेस

**बिहार का बेगूसराय स्विस संगठन आईक्यू एयर की ओर से जारी विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 में 118.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की औसत पीएम 2.5 सांद्रता के साथ सबसे प्रदूषित नगर में शामिल हो गया है। वर्तमान में मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, पूर्णिया, पटना और भागलपुर का वातावरण प्रदूषित है। वर्ष 2023 में भारत का औसत AQI विश्व स्वास्थ्य संगठन की सीमा से 10 गुना अधिक हो गया, फिर भी नियामक प्रतिक्रिया प्रतिक्रियात्मक रही। विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच यह निरंतर संघर्ष तत्काल ध्यान देने की मांग करता है, विशेषकर जब भारत आर्थिक विकास को बनाए रखते हुए अपने महत्त्वाकांक्षी जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करना चाहता है। अनुच्छेद 48A: राज्य को पर्यावरण की रक्षा और सुधार करने तथा वनों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा करने का निर्देश देता है। अनुच्छेद 51A(g): नागरिकों पर पर्यावरण का संरक्षण करने और जीव-जंतुओं के प्रति दया रखने का मौलिक कर्त्तव्य लागू करता है। अनुच्छेद 21: जीवन के अधिकार में स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार (एम.सी. मेहता केस में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा व्याख्या की गई) शामिल है। संवैधानिक प्रावधान: भारतीय संविधान पर्यावरण संरक्षण के लिए आधार प्रदान करता है।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जैसी नियामक संस्थाओं को पर्याप्त धन, कुशल जनशक्ति और रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिये उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता है। प्रदूषण ट्रैकिंग के लिये AI-आधारित सेंसर, वन अतिक्रमण के लिये ड्रोन निगरानी और औद्योगिक क्षेत्रों के लिये GIS मैपिंग की शुरूआत से अनुपालन में सुधार हो सकता है। अनियमित निर्माण, अपर्याप्त अपशिष्ट प्रबंधन और अपर्याप्त हरित क्षेत्र ने वायु और जल प्रदूषण जैसी समस्याओं को बढ़ा दिया है। पिछले पाँच वर्षों में भारत में ई-अपशिष्ट में 73% की वृद्धि हुई है, फिर भी देश में इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट के लिये प्रभावी प्रबंधन और पुनर्चक्रण नीतियों का अभाव है। ई-अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 अभी भी क्रियान्वयन के अधीन हैं। बिहार को वनरोपण, अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छ ऊर्जा पहल जैसी पर्यावरण संरक्षण परियोजनाओं के लिये सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देना चाहिए। इससे संसाधन जुटाना, परियोजना का कुशल क्रियान्वयन और निजी भागीदारों से प्रौद्योगिकी अंतरण सुनिश्चित हो सकता है। पर्यावरणीय संरक्षण नदियों को पुनर्जीवित करने, जल निकायों की सफाई और आर्द्रभूमि के संरक्षण में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बिहार को वाटरशेड दृष्टिकोण अपनाकर क्षरित वनों, नदियों, आर्द्रभूमि और घास के मैदानों को पुनर्जीवित करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। बिहार को वनरोपण, अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छ ऊर्जा पहल जैसी पर्यावरण संरक्षण परियोजनाओं के लिये सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देना चाहिए। आर्थिक विकास और पर्यावरणीय लक्ष्यों में संतुलन बनाए रखने के लिये, बिहार को उद्योगों और घरों में नवीकरणीय ऊर्जा अंगीकरण के लिये सब्सिडी का विस्तार करना चाहिए। बिहार को कमज़ोर संस्थागत क्षमता, विकास और संरक्षण के बीच संघर्ष तथा अपर्याप्त सार्वजनिक भागीदारी के कारण अपने दृढ़ पर्यावरण नियमों को लागू करने में बहुत बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रौद्योगिकी अंगीकरण, पारदर्शी स्थानीय समुदायों के सशक्तीकरण के माध्यम से नियामक कार्यढाँचे को सुदृढ़ करना अति आवश्यक है। आर्थिक विकास को पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलित करने के लिये एक संतुलित दृष्टिकोण जो सतत् विकास, जलवायु अनुकूलन और पारिस्थितिकी तंत्र पुनर्भरण को एकीकृत करता है, आवश्यक है। शहरी वानिकी को बढ़ावा देने और शहरों में समर्पित हरित क्षेत्रों का निर्माण करने से नगरीय उष्मा द्वीप प्रभाव को कम किया जा सकता है, वायु की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है तथा सामुदायिक कल्याण को बढ़ाया जा सकता है। नगर निगम के नियमों के तहत शहरों को अपने क्षेत्र का एक निश्चित प्रतिशत हरित आवरण के रूप में बनाए रखना अनिवार्य होना चाहिये। ऐसे स्थान घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में कार्बन सिंक के रूप में भी काम कर सकते हैं। चक्रीय अर्थव्यवस्था सिद्धांतों के अंगीकरण से अपशिष्ट उत्पादन और संसाधन निष्कर्षण को कम किया जा सकता है, साथ ही आर्थिक अवसर भी उत्पन्न किये जा सकते हैं। बिहार को उद्योगों को संसाधन-कुशल प्रथाओं जैसे कि पुनर्चक्रण, पुनः उपयोग एवं पुनर्चक्रण प्रथाओं के अंगीकरण के लिये प्रोत्साहित करना चाहिये। ई-अपशिष्ट, प्लास्टिक और पैकेजिंग सामग्री के लिये विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व जैसी पहलों को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। सोलर रूफ, बायोमास आधारित विद्युत ऊर्जा और मिनी ग्रिड जैसे विकेंद्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा समाधान जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम कर सकते हैं, विशेष रूप से ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में।

## पत्रकार ने डीएम को सौंपा ज्ञापन: किसानों की मुआवजे की मांग

नई सोच एक्सप्रेस




**मोतिहारी।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी भारत माला सड़क योजना, जो चोरमा, ढाका से फुलवरिया घाट तक बनाई जा रही है, जिसके अंतर्गत ढाका प्रखंड के किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया गया है। परंतु, किसानों को दिए जा रहे मुआवजे से वे असंतुष्ट हैं, जिससे उनमें गहरा आक्रोश व्याप्त है। कई किसान आत्मदाह की चेतावनी भी दे रहे हैं, जो अत्यंत चिंता का विषय है। ए च ओ न्यूज़ के पत्रकार, आरिफ हयात ने डीएम सौरभ जोरवाल को एक आवेदन पत्र दिया है। जिसमें कहा गया है कि किसानों की उचित मुआवजा नहीं दिए जाने से किसानों में भरी आक्रोश। इधर डीएम सौरभ जोरवाल ने विधि सम्मत कार्रवाई करने की बात कही है। करीब पांच सौ करोड़ के प्रोजेक्ट से 35 किमी सड़क का निर्माण होना है, लेकिन किसानों के आक्रोश के कारण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। किसान नये दर से मुआवजा की मांग कर रहे है। विभाग का कहना है कि 2014 में एमभीआर रिवाइज हुआ, जिसके कारण उसी दर पर मुआवजा निर्धारित हुआ है। हर रैयत का अलग-अलग मांग है। कुल 27 मौजा है, जिसमें 24 मौजा का पंचार्ट निर्माण कर रैयतों को मुआवजा भुगतान के लिए नोटिश किया गया है, लेकिन किसान एलपीसी नहीं ला रहे है, जिसके कारण परेशानी हो रही है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार किसानों के भुगतान के लिए सरकार को राशि आवंटित कर दी गयी है। सड़क निर्माण पर करीब 393 करोड़ खर्च का प्रस्ताव है, जबकि भूमि अधिग्रहण के लिए 35 किमी क्षेत्र में 200 करोड़ का प्रावधान है। इधर किसानों का कहना है ऑफ लाइन व ऑनलाइन का पेंच फंसाकर अंचलाधिकारी व कर्मचारी द्वारा किसानों को परेशान किया जा रहा है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय खुलने से बच्चों को मिलेगी बेहतर शिक्षा

नई सोच एक्सप्रेस



**सुगौली।** प्रखंड के पंचायत सुकुल पाकड़ के नयका टोला स्थित एसपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल का उद्घाटन मुख्य अतिथि अंचल निरीक्षक अशोक पांडे, थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह साथ में जदयू नेता अली हसन,समाजसेवी जितेन्द्र तिवारी ने शनिवार को संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। उद्घाटन के बाद मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष व पुलिस निरीक्षक ने कहा कि आज ग्रामीण इलाके में इस तरह की स्कूल का खुलना बच्चों का भविष्य दर्शाता है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय अंग्रेजी माध्यम से क्षेत्र के अन्य स्कूलों से तुलनात्मक रूप से कम खर्च में संस्कारवान शिक्षा मुहैया की सुविधाएं अब बच्चों को मिलेगी। उन्होंने संबोधन के दौरान कहा कि इस जगह पर ऐसे विद्यालय की नितांत आवश्यकता थी, और इस कार्य के लिए विद्यालय प्रबंधन बधाई का पात्र है, उन्होंने विश्वास जताया यह विद्यालय शिक्षा के ग्रामीण क्षेत्र में विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के मामले में मील का पत्थर साबित होगा। विद्यालय के प्रबंध निदेशक विकास कुमार तिवारी ने बताया कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ साथ शारीरिक, मानसिक, एवं भावनात्मक विकास पर जोर दिया जाएगा। समाजसेवी जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि क्षेत्र के अन्य इंग्लिश मीडियम स्कूलों से कम फीस में ग्रामीण के बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। जदयू नेता भाई अलीहसन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को भी अब इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नए इंग्लिश मीडियम स्कूल खुलने से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी कर सकेंगे अच्छी पढ़ाई। मौके पर शिक्षक संदीप कुमार,अंकित कुमार,मो.नूरैन आबीर,अफरोज खान, अरविंद कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### फिरोज़ी ने देसी हिप हॉप को नए अंदाज में पेश किया

**पटना**। एक नए अंदाज में देसी हिपहॉप का मजा लेने के लिए तैयार हो जाईये क्योंकि फिरोज़ी छः सदस्यों के अपने ट्रेलब्लेज़िंग ग्रुप के साथ अपना पहला एलबम पेश कर रहे हैं। लंबरदार एमसी स्क्वैयर के नेतृत्व में गुर्जर एचबी, एमएनडीपी, स्काईमेरीजान, मार्क भाटिया और प्रोड्यूसर जीरोटूवन का यह जबरदस्त ग्रुप अपनी स्वाभाविक कहानियों, गली से जुड़े सिद्धांतों, और अपार ऊर्जा के साथ हिपहॉप का अंदाज बदल रहा है। फरीदाबाद, हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले ये छः कलाकार सात बेहतरीन ट्रैक्स द्वारा देसी हिपहॉप के सार के साथ अपने संगीत में अपनी जड़ों और तजुर्बे को पेश कर रहे हैं। कलात्मक अभिव्यक्ति के साझा जुनून और एक अटूट बंधन से जुड़ा यह ग्रुप इस शैली को नए अंदाज में पेश करके इसे बेमिसाल बुलंदियों तक पहुँचाने के लिए तैयार है। इस ग्रुप ने दो शानदार सिंगल्स, ''फरीदा ड्रिप'' और ''51 गढ़'' के साथ हलचल मचा दी है, जो आवाज की दुनिया में एक नई क्रांति का संकेत दे रही है। ''51 गढ़'' आत्मविश्वास और आक्रामकता का गीत है, जो कलाकारों के तेजतर्रार शब्दों से उन लोगों को चेतावनी दे रहा है, जो उन्हें चुनौती देने की हिम्मत करते हैं। दूसरी तरफ, 'फरीदा ड्रिप' आत्मविश्वास और अंदाज की बेहतरीन रचना है, जिसकी शुरुआत से लेकर जो अपनी शुरुआत से ही जबरदस्त बोलों के साथ फिरोज़ी की प्रभावशाली मौजूदगी का प्रदर्शन करता है। जीरोटूवन के शानदार प्रोडक्शन के साथ इसकी हर बीट एक यादगार छाप छोड़ती है।

### छावा के एलबम लॉन्च में ए आर रहमान की बेहतरीन परफॉर्मेंस ने जीता लोगों का दिल




**पटना**। एक भव्य म्यूज़िकल कार्यक्रम में एकेडमी अवार्ड विजेता कंपोज़र ए आर रहमान ने छावा के अत्यधिक प्रतीक्षित एलबम का लॉन्च किया। इस अवसर पर उन्होंने ताकत, भावनाओं और ऐतिहासिक भव्यता का प्रदर्शन करते हुए एक जबरदस्त परफॉर्मेंस भी दी। एलबम के अनावरण के मौके पर फिल्म के कलाकार विकी कौशल और रश्मिका मंदाना, डायरेक्टर लक्ष्मण उटेकर, प्रोड्यूसर दिनेश विजान, और प्रोजेक्ट की क्रिएटिव टीम भी मौजूद थी। इस संगीत संध्या के अवसर पर ए आर रहमान ने मीठे गीतों और भव्य व्यवस्थाओं के साथ अपने सिग्नेचर स्टाईल में संगीत का ऐसा माहौल बना दिया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले दिनेश विजान द्वारा निर्मित और लक्ष्मण उटेकर द्वारा निर्देशित छावा की वर्ल्डवाईड रिलीज़ हो गई है। फिल्म का संगीत सोनी म्यूज़िक एंटरटेनमेंट इंडिया ने पेश किया है। दिग्गज संगीतकार ए आर रहमान ने कहा, कुछ फिल्में केवल कहानियाँ नहीं होती हैं। वो धड़कते दिल की गर्जना होती हैं। छावा उन्हीं में से एक है। मुझे लक्ष्मण उटेकर, दिनेश विजान, विकी कौशल, रश्मिका मंदाना और अपनी बेहतरीन म्यूज़िकल टीम के साथ इस फिल्म का स्कोर, बीजीएम और गाने बनाने में बहुत मजा आया। मुझे उम्मीद है कि मेरे सभी फैंस को यह संगीत उतना ही पसंद आएगा, जितनी खुशी इसे बनाने में हमें हुई है। रश्मिका मंदाना ने कहा, विकी और मेरे लिए गर्व की बात है कि हमें छावा में ए आर रहमान जैसे महान संगीतकार के साथ काम करने का अवसर मिला है।

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एस्टर 2025 को किया लॉन्च



**पूर्णिया**। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने अपनी श्रेणी में भारत की सबसे उन्नत एसयूवी - एमजी एस्टर का एमवाई 2025 एडिशन लॉन्च किया, जिसमें शाइन और सेलेक्ट वेरिएंट के लिए नए फीचर्स पेश किए गए हैं। एस्टर 2025 का शाइन वेरिएंट एक पैनोरमिक सनरूफ और छह स्पीकर के साथ आ रहा है, जिससे ड्राइविंग का अनुभव और भी शानदार हो जाता है। इससे एमजी एस्टर अपने सेगमेंट में 12.5 लाख रुपये से कम कीमत में पैनोरमिक सनरूफ देने वाली एकमात्र एसयूवी बन गई है। सेलेक्ट वेरिएंट में छह एयरबैग और प्रीमियम आइवरी लेदरेट सीट्स को जोड़ा गया है, जो सुरक्षा और आराम को और बढ़ाते हैं। एआई टेक्नोलॉजी से लैस यह भारत की पहली एसयूवी है, जो स्प्रिंट, शाइन, सेलेक्ट, शार्प प्रो और सेवी प्रो वेरिएंट में उपलब्ध होगी, जिसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 9.99 लाख रुपये होगी। एमजी एस्टर एमवाई 25 के वेरिएंट में कई रोमांचक फीचर्स दिए गए हैं - फ्रंट रो में वेंटिलेटेड सीट्स, वायरलेस चार्जर, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कार प्ले, और अतिरिक्त सुरक्षा और सुविधा के लिए ऑटो-डिमिंग आईआरवीएम, साथ ही एक समग्र ड्राइविंग अनुभव के लिए अपग्रेडेड आई-स्मार्ट 2.0 के साथ एडवांस्ड यूजर इंटरफेस। एमजी एस्टर 2025 को आई-स्मार्ट 2.0 और 80 प्लस कनेक्टेड फीचर्स से लैस किया गया है, जो ड्राइविंग अनुभव को अधिक सुविधाजनक बनाते हैं। इसके खास फीचर्स में जियो वॉयस रिकग्निशन सिस्टम शामिल है, जो मौसम अपडेट, क्रिकेट अपडेट, कैलकुलेटर, घड़ी, दिन / तारीख की जानकारी, राशिफल, डिक्शनरी, समाचार और जनरल नॉलेज जैसी कमांड्स को सपोर्ट करता है। डिजिटल की कार्यक्षमता के साथ एंटी-थेफ्ट फीचर, बगैर नेटवर्क के भी सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

### विदेशी शराब के साथ एक ट्रक सहित चालक को किया गिरफ्तार



**किशनगंज**। शनिवार को कोचाधामन थाना को गुप्त सूचना मिली कि एक ट्रक पश्चिम बंगाल से किशनगंज की ओर से शराब की बड़ी खेप की तस्करी की जाने वाली है, इसी क्रम में कोचाधामन पुलिस दल द्वारा चरघरिया चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग के क्रम में बहादुरगंज की ओर से तेज रफ्तार एक ट्रक जिसका रजि० नं०- बीआर-09- जीए-5261 को तलाशी हेतु रोकने का इशारा किया गया। परंतु उक्त ट्रक चालक द्वारा भागने का प्रयास किया गया जिसे पुलिस बल द्वारा खदेड़ कर ट्रक चालक को पकड़ा गया तथा खलासी फरार होने में सफल रहा। उक्त पकड़ाये ट्रक को कोचाधामन थाना ला कर विधिवत् तलाशी ली गई तालाशी के क्रम में विभिन्न ब्रॉण्ड के करीब 466.50 ली० विदेशी शराब बरामद किया गया। पकड़ाये उक्त ट्रक चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम रितेश केवट, उम्र 37 वर्ष, पे०-स्व० मोहन केवट, सा०-गढ़पुरा वार्ड नं0-11, थाना-गढ़पुरा, जिला-बेगूसराय बताया गया। जिसकी तलाशी के क्रम में 02 मोबाईल फोन बरामद किया गया। बरामद अवैध शराब, ट्रक, मोबाईल फोन को विधिवत् जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया। बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत पकड़ाये तस्कर के विरूद्ध कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। बरामदगीः- 466.50 ली० विदेशी शराब 02 मोबाईल फोन। गिरफ्तारीः- 01 अभियुक्त। टीम में शामिल सदस्यः-पु०नि० रंजय कु० सिंह, थानाध्यक्ष, कोचाधामन थाना। पु०अ०नि० कुंदन कुमार, कोचाधामन थाना। परि०पु०अ०नि० रवि रंजन, कोचाधामन थाना।सि० इरफान हुसैन, तकनीकी शाखा। सशस्त्र बल रहे उपस्थित।

# मेघा बरसेंगे में स्नेहा जैन मुक्ता की भूमिका निभाते हुए नए ट्विस्ट लेकर आएंगी

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। प्यार, विश्वासघात, और बदला लेने की पुरानी ज्वाला नई इबारत लिखने के लिए तैयार है। कलर्स के 'मेघा बरसेंगे' में एक नया ट्विस्ट आने वाला है, क्योंकि प्रतिभाशाली अदाकारा स्नेहा जैन ने रहस्यपूर्ण और महत्वाकांक्षी मुक्ता के रूप शो में एन्ट्री ली है। जैसे-जैसे रोमांस और आक्रोश का धुंआ छंटता जा रहा है, दर्शक सरप्राइज़ होते जा रहे हैं। अर्जुन (नील भट्ट द्वारा अभिनीत) और मेघा (नेहा राणा द्वारा अभिनीत) ने अपने नसीब से लड़ाई लड़ी है, लेकिन उनके नाजुक रिश्ते के कारण, अर्जुन की पूर्व प्रेमिका मुक्ता के रूप में अतीत दस्तक देता है, जिसे बुजी ने बुलाया था। उसके आने से पुराने रोमांस को फिर से जिंदा करने की आड़ में उनकी जिंदगी की खुशियां बर्बाद होने का खतरा मंडराने लगा है। अपने आकर्षक मुखौटे के पीछे छिपे रहस्यों के साथ, वह अर्जुन की भावनाओं को फिर से जगाने और मेघा के साथ उसके रिश्ते को तोड़ने के लिए तैयार है साथ ही अगर सब कुछ उसकी भयानक योजना के अनुसार होता है तो वह न केवल अर्जुन के दिल में बल्कि उसके परिवार के भाग्य में भी मेघा की जगह लेना चाहती है। जब अतीत सभी को परेशान करने के लिए वापस आएगा तो क्या अर्जुन अडिग रह पाएगा? कलर्स के मेघा बरसेंगे में मुक्ता की भूमिका निभा रहीं स्नेहा जैन कहती हैं यह कलर्स के साथ मेरा पहला शो है। कलर्स ने लगातार सार्थक, विविध और प्रभावशाली कहानी पेश की हैं। ऐसे मंच के साथ सहयोग करना जिसने दर्शकों को कुछ सबसे यादगार कहानियां दी हैं, वाकई सम्मान की बात है। मुक्ता मेरे द्वारा पहले निभाए गए पिछले किसी भी किरदार से अलग है वह चतुर, चालाक है, फिर भी भावनात्मक जटिलताओं से भरी हुई है, जो उसे बेहद सम्मोहक बनाती है। मैं पहली बार इतने आकर्षक ग्रे शेड वाला किरदार निभा रही हूं, और उसकी छोटी-छोटी बातों को जीवंत करना रोमांचक चुनौती रही है। मेरा मानना है कि दर्शक उससे नफरत करना चाहेंगे, और यही बात एक कलाकार के रूप में मुक्ता का किरदार निभाने को इतना सार्थक बनाती है। मैं मेघा बरसेंगे में जो बवंडर लाने वाली है, उसे दर्शकों को दिखाने का इंतज़ार नहीं कर सकती! मौजूदा कहानी में, अर्जुन मेघा और अपने परिवार से लड़ते हुए खुद की बर्बादी की ओर बढ़ता है, लेकिन बाद में उसे मेघा के रूप में एक अप्रत्याशित रक्षक मिलता है। इस बीच, बुजी अर्जुन के अतीत से जुड़े किसी व्यक्ति को लाने का फैसला करती है, और मुक्ता के आने से तनाव और बढ़ जाता है। इस हंगामे के बीच, मेघा को एक चौंकाने वाला सुराग मिलता है कि केपी की मौत हत्या हो सकती है। देखिए 'मेघा बरसेंगे' हर दिन शाम 7:00 बजे, केवल कलर्स पर!

# तीन पंचायत में पैक्स चुनाव बिहार राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव कराने निकाला आदेश

नई सोच एक्सप्रेस

**किशनगंज**। शनिवार को बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के आदेश के आलोक में दल्लेगाँव पैक्स, पौवाखाली नगर पंचायत पैक्स रसिया पैक्स में निर्वाचन कराने हेतु दिनांक 31.01.25 को कट-ऑफ तिथि के रूप में निर्धारित किया गया है। निर्वाचन पदाधिकारी(स०स०)- सह-प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, ठाकुरगंज के द्वारा जानकारी दी गयी कि आज दिनांक 15.02.25 को इन पैक्सों के प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थलों पर प्रकाशन किया गया है। प्रारूप मतदाता सूची को प्राधिकार के वेबसाइट http://bsea.bihar.gov.in पर भी देखा जा सकता है तथा वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। मतदाता सूची के संबंध में दावे/आपत्तियां प्राप्त करने की तिथि 15.02.25 से 25.02.25 तक निर्धारित है। दिनांक 28.02.25 को इन पैक्सों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाना है। निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची में अंकित मतदाताओ का नाम मतदाता सूची से हटाने के संबंध में कोई आपत्ति अथवा प्रारूप मतदाता सूची में किसी सदस्य का नाम जोड़ने से संबंधित दावा प्रपत्र एम -3 में तथा मतदाता सूची से किसी प्रविष्टि से संबंधित विशिष्टियों पर आपत्ति प्रपत्र एम -4 में विहित समय सीमा के अंदर ही लि जा सकेगा। मतदाता सूची से नाम हटाने के सम्बंध में आपत्ति उन्हीं व्यक्तियों द्वारा दी जाएगी, जो सम्बंधित प्राथमिक कृषि साख समि के सदस्य हैं। सादे कागज़ पर दी गई आपत्तियां स्वीकार्य नहीं होंगी।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**गया**। ज्ञान भारती ग्लोबल स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगाया गया विज्ञान प्रदर्शनी ओर बेलागंज स्थित ज्ञान भारती ग्लोबल स्कूल में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया इस अवसर पर बच्चे एवं अभिभावक दोनों ही बहुत उत्साहित नजर आ रहे थे । इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कर्नल दीपक कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी बेलागंज, राघवेंद्र शर्मा अंचल पदाधिकारी बेलागंज, गजानंद मेहता, श्री सियाराम बाबू, कांग्रेस नेता रजनीश कुमार झुन्ना जी, रंजेश कुमार व स्कूल निदेशक श्री विनीत कुमार एवं प्राचार्य कुमार अजय भूषण द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया गया । इस खास मौके पर स्कूल निदेशक विनीत कुमार ने सभी मुख्य अतिथियों को बुके शॉल एवं पौधा देकर सम्मानित किया। कर्नल दीपक कुमार एवं सियाराम बाबू ने सभी बच्चों शिक्षकों और अभिभावकों को इस कार्यक्रम की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि यहां आकर और इन प्रतिभाशाली बच्चों से मिलकर बहुत ही अच्छा लगा और इस बात का विश्वास हो गया यह बच्चे जो कल के भविष्य हैं वाकई बहुत ही प्रतिभाशाली हैं और स्कूल और शिक्षकों के द्वारा जो इनका मार्गदर्शन किया जा रहा है वह काबिले तारीफ है। इस प्रदर्शनी में ऐतिहासिक सामाजिक वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बच्चों ने एक से एक मॉडल बनाएं जिसमें कहीं केदारनाथ राम मंदिर की घंटियां बज रही थी तो कहीं भूकंप विरोधी मॉडल के अलार्म की आवाज आ रही थी वहीं वायु मृदा प्रदूषण मॉडल, सेल का प्रकार, स्मार्ट विलेज हाइड्रो एग्रीकल्चर, चंद्रयान 3 तो वहीं कृषि की आधुनिक विधियों पर भी प्रकाश डालते बच्चे नजर आ रहे थे। बच्चों ने सबसे ज्यादा वर्तमान के विकट समस्या ग्लोबल वार्मिंग को ध्यान में रखते हुए इको फ्रेंडली सोलर सिस्टम आदि पर ज्यादा ध्यान दिया और उनका यह भी कहना था कि अगर हम लोग आज अपने पेरेंट्स और आसपास के लोगों को इन समस्याओं से अवगत नहीं करवाएंगे तो कल हमारे पास आने वाले समय में कुछ भी रिसोर्सेस नहीं बचेगा। वैसे तो सभी बच्चों ने बहुत मेहनत कर अपना प्रोजेक्ट बनाया था पर कर्नल दीपक कुमार को कुछ प्रोजेक्ट्स जैसे स्मार्ट एग्रीकल्चर, स्मार्ट विलेज, मेथड ऑफ़ मॉडर्न फैमिली, डाइजेस्टिव सिस्टम, टाइप्स ऑफ़ सेल, चंद्रयान 3 जैसे प्रोजेक्ट्स बहुत पसंद आए। निदेशक विनीत कुमार ने भी अभिभावकों का दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज आपने अपना कीमती समय देकर जो हमारे बच्चों की हौसला अफजाई की है उसके लिए मैं और मेरी पूरी टीम सदैव आपके आभारी रहेगी और बच्चों को भी उन्होंने बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा कि आप हमेशा इसी तरह जिंदगी में तरक्की करते रहें और आसमान की सारी ऊंचाइयों को छू ले आपकी उड़ान इतनी ऊंची हो आसमान भी छोटा पड़ जाए। प्राचार्य कुमार अजय भूषण ने भी अभिभावक को छात्रों शिक्षकों और सभी कर्मचारियों का दिल से धन्यवाद दिए करते हुए कहा आज आप सबों की मेहनत से यह कार्यक्रम सफल रहा और यह वादा किया कि आगे भी इसी तरह बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए स्कूल इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

# कुंभ क्षेत्र में स्थापित महर्षि आध्यात्मिक विश्वविद्यालय के प्रदर्शनी कक्ष को 10,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने दी भेंट

नई सोच एक्सप्रेस

» विज्ञान, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन आदि क्षेत्रों के विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा महर्षि आध्यात्मिक विश्वविद्यालय के कार्य की सराहना




**प्रयागराज**। महर्षि आध्यात्मिक विश्वविद्यालय द्वारा कुंभ क्षेत्र के सेक्टर 7 में एक प्रदर्शनी कक्ष स्थापित किया गया है। इस प्रदर्शनी कक्ष को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है, और 11 फरवरी तक 10,000 से अधिक श्रद्धालु इस कक्ष का लाभ ले चुके हैं। साधु-संतों के साथ-साथ चिकित्सा, शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन आदि क्षेत्रों में कार्यरत उच्च पदस्थ विशिष्ट व्यक्तियों ने महर्षि आध्यात्मिक विश्वविद्यालय के कार्य की सराहना की। इस अवसर पर 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज'के श्री. के.के. सिंह, 'इसरो' की सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डॉ. नलिनी सतीश, उत्तर-मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री. शरत चंद्रायन सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने संपूर्ण प्रदर्शनी देखी और उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया दी। उत्तर प्रदेश में 'राष्ट्रीय विद्यार्थी सेना' का हिस्सा रहे 'भारत स्काउट एंड गाइड' के विद्यार्थियों ने महर्षि आध्यात्मिक विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए 'व्यक्तित्व विकास और तनाव नियंत्रण' विषय पर मार्गदर्शन का लाभ लिया। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड जैसे विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं के साथ-साथ न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप आदि देशों से आए श्रद्धालुओं ने भी आध्यात्मिकता से जुड़े वैज्ञानिक अनुसंधानों की जानकारी जिज्ञासापूर्वक प्राप्त की। कई जिज्ञासुओं ने महर्षि आध्यात्मिक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 5 दिवसीय कार्यशाला में भाग लेने की इच्छा व्यक्त की। इस प्रदर्शनी में दी जा रही आध्यात्मिक व वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित जानकारी लोगों को बहुत पसंद आई। कई श्रद्धालुओं ने महर्षि आध्यात्मिक विश्वविद्यालय के कार्य से जुड़ने की इच्छा प्रकट की।

# इनर व्हील क्लब ने जरूरतमंद किशोरियों को दिए कढाई किट

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। इनर व्हील क्लब आफ पाटलिपुत्र ने जरूरतमंद किशोरियों को कढ़ाई किट एवं सेनेटरी पैड देने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र पर आयोजित किया गया था, जिसकी देखरेख डॉ गीता जैन ने की। इस कार्यक्रम में, इनर व्हील क्लब आफ पाटलिपुत्र की अध्यक्ष संगीता गोयल, पास्ट प्रेजिडेंट बबिता बिदासरिया, पुष्पा बिरला आदि सदस्यों ने जरूरतमंद किशोरियों को कढ़ाई किट एवं सेनेटरी पैड वितरित किए।डॉ गीता जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम किशोरियों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूक करने और उन्हें आवश्यक सामग्री प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। जैन ने कहा, "यह कार्यक्रम किशोरियों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूक करने और उन्हें आवश्यक सामग्री प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम किशोरियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। इनर व्हील क्लब आफ पाटलिपुत्र की की अध्यक्ष संगीता गोयल ने कहा, "हमें इस कार्यक्रम का आयोजन करने में बहुत खुशी हुई। हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम किशोरियों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूक करने में मदद करेगा। यह कार्यक्रम इनर व्हील क्लब आफ पाटलिपुत्र की सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को दशार्ता है और किशोरियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

# प्रखंड मुख्यालय सभागार कक्ष प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आहुत किया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**किशनगंज**। शनिवार को उप विकास आयुक्त, किशनगंज से प्राप्त निदेश के आलोक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलों में आवास विहीन परिवारों को सर्वेक्षित कर प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण की सूची में शामिल करने के निमित्त प्रखंड कार्यालय ठाकुरगंज के सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, ठाकुरगंज की अध्यक्षता में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आहुत किया गया। इस कार्यक्रम में सभी विकास मित्रों एवम पर्यवेक्षकों (ग्रामीण आवास सहायक/पी आर एस) ने भाग लिया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने प्रशिक्षण के क्रम में उपस्थित कर्मियों को ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित अपात्रता के मापदण्ड की जानकारी देते हुए बताया कि कुल 11 मापदंड हैं। इन 11 मे से किसी एक भी मापदंड में होने से लाभार्थी अपात्र कोटि में गिने जाएंगे। बी डी ओ ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी कि वैसे परिवार अपात्र माने जाएंगे जिनके परिवार के पास पक्का आवास है; मोटरयुक्त तिपहिया/चौपहिया वाहन; मशीनी तिपहिया/चौपहिया कृषि उपकरण; 50,000 (पचास हज़ार) रुपिया अथवा इससे अधिक ऋण सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्ड; वे परिवार जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो; सरकार के पास पंजीकृत ग़ैर-कृषि उद्यम वाले परिवार; वे परिवार जिनका कोई सदस्य 15000 (पंद्रह हजार) रुपये से अधिक प्रतिमाह कमा रहे हो; आयकर देने वाले परिवार; व्यवसाय कर देने वाले परिवार; वे परिवार जिनके पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि हो; 5 एकड़ या इससे अधिक एवम इससे अधिक असिंचित भूमि। सभी सर्वेयर एवम विकास मित्रों को विभागीय आदेश को पढ़कर सुनाते हुए अभियान चलाते हुए दिनांक 20 फरवरी 2025 तक सभी पंचायतों के अनुसूचित जाति/जनजाति टोलों में आवास विहीन पात्र परिवारों का सर्वेक्षण करने हेतु निदेशित किया गया है। बी डी ओ ने बताया कि कार्य के प्रति उदासीन सर्वेयर तथा विकास मित्र के विरुद्ध अनुशासनिक करवाई की जाएगी। इनके द्वारा बल देकर कहा गया कि किसी भी परिस्थिति में कोई भी पात्र आवास विहीन परिवारों का सर्वेक्षण छुटे नहीं। इस प्रशिक्षण में प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी एवम ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक, ठाकुरगंज ने भी भाग लिया।

# टीवीएस मोटर कंपनी और गुजरात पर्यटन ने रण उत्सव में मोटरसाइक्लिंग, एडवेंचर और सांस्कृतिक विरासत के अनूठे संगम को जीवंत किया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। दोपहिया और तिपहिया वाहनों के क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक वाहन निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने गुजरात पर्यटन के साथ मिलकर रण उत्सव में एक अनूठा मोटरसाइक्लिंग अनुभव प्रस्तुत किया। इस साझेदारी के तहत, कंपनी ने टीवीएस रोनिन आधारित दो विशेष रण उत्सव एडिशन कस्टम मोटरसाइकिलों का अनावरण किया। इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, टीवीएस मोटर कंपनी के प्रीमियम व्यवसाय प्रमुख विमल सुम्बली ने कहा, टीवीएस मोटर कंपनी में, हम हमेशा अपने मोटरसाइकिलों के माध्यम से लाइफस्टाइल, एडवेंचर और संस्कृति को जोड़ने में विश्वास रखते हैं। रण उत्सव हमारे लिए मोटरसाइक्लिंग और भारत की समृद्ध कलात्मक विरासत के बीच अनूठी तालमेल को प्रदर्शित करने का एक आदर्श अवसर था। रण उत्सव एडिशन टीवीएस रोनिन मोटरसाइकिलें गुजरात की जीवंत परंपराओं को समर्पित हैं, जो क्षेत्रीय कलात्मकता को उनके डिजाइन में सहज रूप से समाहित करती हैं। यह साझेदारी पर्यटन क्षेत्र को प्राथमिकता देने के हमारे प्रधानमंत्री के विजन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सचिव, पर्यटन, देवस्थान प्रबंधन, नागरिक उड्डयन एवं तीर्थ विभाग, सचिवालय, गांधीनगर राजेंद्र कुमार ने कहा, रण उत्सव भारत के सबसे प्रतिष्ठित सांस्कृतिक आयोजनों में से एक बन गया है, जो लाखों पर्यटकों को आकर्षित करता है और वैश्विक स्तर पर गुजरात की समृद्ध विरासत और सफेद रण के अनूठे परिदृश्य को प्रदर्शित करता है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत @2047 दृष्टिकोण के अनुरूप, यह उत्सव सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने और गुजरात के विकास को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टीवीएस मोटर कंपनी के साथ यह सहयोग इस बात का प्रमाण है कि परंपरा और आधुनिक शिल्प कौशल मिलकर कुछ असाधारण बना सकते हैं, जिससे गुजरात एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में और मजबूत होगा। देश के पर्यटन-आधारित आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में रण उत्सव एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह उत्सव विकसित गुजरात से विकसित भारत की अवधारणा को साकार करने में सहायक है और प्रधानमंत्री के विकसित भारत @2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप है। परंपरा और आधुनिकता को जोड़ते हुए, रण उत्सव एक ऐसा प्लेटफॉर्म बन गया है जो भारत की कलात्मक विरासत को प्रदर्शित करने के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्यटन के माध्यम से सतत विकास में योगदान देता है।

## कांग्रेस हमेशा बैकफुट पर रहेगी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का समापन करते हुए राज्य सभा में अपनी सरकार द्वारा किए गए कायरे की फेहरिस्त पुरानी तर्ज पर एक बार फिर प्रस्तुत की कि किस तरह उनकी आर्थिक नीति आगे बढ़ रही है और किस तरह उनकी सरकार के प्रयासों से 25 करोड़ लोग गरीबों की सीमा लांघकर मध्यवर्गीय दहलीज पर पहुंचे हैं। उनके भाषण का एक प्रमुख स्वर वही था जो प्रायः सुनाई पड़ता है। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने फिर कहा कि उनकी प्राथमिकता परिवार है जबकि भाजपा की प्राथमिकता राष्ट्र है। कांग्रेस की कोई भी नीतियां परिवार विशेष को केंद्र में रखकर बनती हैं तो उनकी नीतियां राष्ट्र को केंद्र में रखकर बनती है। मोदी के अनुसार कांग्रेस का राज अत्यधिक धीमी आर्थिक प्रगति का राज था, जबकि एनडीए का वर्तमान शासन तीव्र आर्थिक प्रगति का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की शासन तुष्टिकरण का शासन था जबकि एनडीए का शासन संतुष्टीकरण का है। यूं तो मोदी के भाषण में कुछ भी नया नहीं था। कांग्रेस के परिवारवाद का जो आरोप लगाते रहे हैं, उसकी ही पुनर्पुष्टि थी। विशेष बात यह थी कि उनके प्रभावी वक्तव्य के आगे कांग्रेस की निरीहता ही उजागर हो रही थी। अगर कांग्रेस का गांधी परिवार की पृष्ठभूमि और उसके गौरवशाली अतीत का मूल्यांकन करें तो मोदी का प्रहार कहीं से भी अतिवादी प्रतीत नहीं होता है। कल्पना करिए कि अगर सोनिया गांधी राजीव गांधी की पत्नी और इंदिरा गांधी की बहू नहीं होती तो क्या सचमुच में उनमें वह राजनीतिक क्षमता और भारतीय समाज को समझने की प्रतिभा थी कि वह कांग्रेस जैसी विशाल पार्टी की अध्यक्ष बनती। उससे आगे क्या राहुल गांधी सचमुच उतने क्षमतावान राजनीतिज्ञ हैं, जितना कांग्रेस के शीर्ष नेता के रूप में अथवा विपक्षी दल के रूप में होना चाहिए। जाहिर है उनकी हैसियत परिवार प्रदत्त हैसियत है जो प्रायः कांग्रेस को दुविधा में डालती रहती है। मोदी के प्रहारों से कांग्रेस तभी बच सकती है जब वह अपने भीतर गुणात्मक और रचनात्मक परिवर्तन करे अन्यथा परिवारवाद का जो हथियार मोदी के हाथ में है वह हमेशा चलता रहेगा और कांग्रेस हमेशा बैकफुट पर रहेगी।

# भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व करें



आरती कुमारी

पेरिस में हुए दो दिवसीय एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) एक्शन समिट ने जहां दुनिया के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के महत्व को उजागर किया, वहीं यह भी साफ कर दिया कि इस मामले में होड़ के बावजूद सभी देशों का आपसी तालमेल बनाए रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ना जरूरी है। एआई से बदलती दुनिया के चमत्कार वरदान से कम नहीं है, लेकिन इससे जुड़ी चुनौतियां एवं खतरेइसे अभिशाप में भी बदल सकते हैं। बहुत आवश्यक है कि इसके उपयोग के संदर्भ में कोई वैश्विक ढांचा एवं नियंत्रण का केन्द्र एवं नीति बने। क्योंकि एआई के दुरुपयोग के खतरे किसी से छिपे नहीं। अभी एआई का उपयोग अपने प्रारंभिक चरण में ही है, लेकिन उससे पैदा होने वाली कई चुनौतियों एवं खतरों ने सिर उठा लिया है। लेकिन इस नई तकनीक से जीवनशैली, शिक्षा, चिकित्सा, युद्ध, सेना, शासन-प्रशासन, चुनाव, व्यापार, विचार आदि में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। भारत एआई को लेकर बहुत उत्साहित है और दुनिया में एआई का सबसे बड़ा केन्द्र बनने को भी तैयार है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ इस शिखर बैठक की सह-अध्यक्षता की बल्कि अगली शिखर बैठक की मेजबानी करने की पेशकश भी करते हुए बता दिया कि भारत इस पहल को कितनी गंभीरता से लेता है। भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होते हुए तकनीकी विकास की दृष्टि से भी सफलता के नये झंडे गाड रहा है। एआई को लेकर भारत की सोच सकारात्मक एवं विकासमूलक है इसीलिये प्रधानमंत्री मोदी ने यह सही कहा कि इस तकनीक में दुनिया को बदलने की ताकत है, लेकिन अमेरिका की कुछ बड़ी तकनीकी कंपनियों ने सूचना संसार में अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया है। उनके एकाधिकार और उनकी मनमानी से निपटना विश्व के तमाम देशों के लिए मुश्किल हो रहा है। यदि इसी तरह का एकाधिकार एआई कंपनियों ने भी स्थापित कर लिया तो फिर समस्या गंभीर हो जाएगी। सबसे अधिक समस्या विकासशील और निर्धन देशों को होगी, जो पहले से ही चुनिंदा तकनीकी कंपनियों के वर्चस्व तले दबी हुई है। मोदी ने एआई तकनीक के संतुलित एवं विवेकसम्मत उपयोग एवं विकास की आवश्यकता को भी व्यक्त किया। क्योंकि यह उन्नत तकनीक बनाने वाली कुछ कंपनियां उसे अपने हिसाब से संचालित करती हुई भी दिख रही हैं। इस तकनीक का मनमाना इस्तेमाल न होने पाए, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को प्रभावी कदम उठाने होंगे। यह एआई एक्शन समिट ऐसे समय हो रही है, जब चीनी कंपनी डीपसीक दुनिया को एक जबर्दस्त झटका दे चुकी है। भारत एआई की चुनौतियों एवं खतरों को लेकर सतर्क है। क्योंकि एआई द्वारा प्रस्तुत चुनौतियाँ बहुआयामी हैं और लगातार विकसित हो रही हैं। उदाहरण के लिए डीपफेक, जो डिजिटल मीडिया हैं-वीडियो, ऑडियो और चित्र-जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके संपादित और हेरफेर किया जाता है, हाइपर-रियलिस्टिक डिजिटल मिथ्याकरण को शामिल करते हैं। इसका संभावित रूप से प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने, सबूत गढ़ने और लोकतांत्रिक संस्थानों में विश्वास को कम करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। जबकि डीपफेक का इस्तेमाल चुनावों जैसे कुछ मामलों में किया गया है, उनका उपयोग विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से देखा जा रहा है। डीपफेक के अलावा, एआई से जुड़े अन्य जोखिम भी हैं। इनमें गोपनीयता, पूर्वाग्रह, पारदर्शिता, जवाबदेही और दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए एआई के संभावित दुरुपयोग से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। भारत सरकार इन मुद्दों को सलाह और विनियमों के माध्यम से नियोजित एवं नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है जो पारदर्शिता, सामग्री मॉडरेशन, सहमति तंत्र और डीपफेक पहचान पर जोर देते हैं ताकि जिम्मेदार एआई तैनाती सुनिश्चित हो और चुनावी अखंडता की रक्षा हो सके। यह एक सतत प्रयास है और जैसे-जैसे आगे बढ़ेंगे, इन चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक मजबूत तंत्र के विकास के साथ सक्षम होने की अपेक्षा रहेगी। एआई विकसित होता रहेगा, नये-नये करिश्माई एवं चमत्कारी आयाम उससे जुड़ते रहेंगे और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह ऐसे तरीके से हो जो सभी के लिए सुरक्षित, नैतिक और लाभकारी हो। आवश्यक बुनियादी ढांचे, हार्डवेयर और क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमताओं के विकास में सहायता के लिए निवेश महत्वपूर्ण है। सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग से आवश्यक पूंजी जुटाई जा सकती है। यह संयुक्त प्रयास एआई नवाचार, आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे सकेगा और जिससे भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व कर सकेगा। इसी पहलू को रेखांकित करती है यह पेरिस की तीसरी एआई एक्शन समिट, जिसमें दुनिया भर के 90 देशों और तमाम बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस हमारे भविष्य का अनिवार्य हिस्सा है, लेकिन किसी भी वजह से इसकी ग्रोथ को बेकाबू होने दिया गया तो उसके परिणाम खतरनाक साबित हो सकते हैं। भारत की भूमिका को खास बनाता है इसका असाधारण टैलंट पूल, इसके वे इंजिनियर और वैज्ञानिक जो नाम मात्र की लागत पर बड़े-बड़े अंतरिक्ष अभियान को अंजाम देते रहे हैं। हालांकि अभी तक इस मामले में भारत की पहल बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती। बेहतर होगा कि केंद्र सरकार एक स्वतंत्र मंत्रालय बनाकर इस तकनीक को लेकर अपनी प्राथमिकता तय करे। इनोवेशन में भारत को हर जोखिम को उठाने के लिये स्वयं को सक्षम करना होगा। एआई का समुचित लाभ उठाने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है। एआई के जरिये वे अनेक काम किए जा सकते हैं, जो अब तक मनुष्य करते रहे हैं, लेकिन यह ध्यान रहे कि उसमें मानवीय संवेदनाएं नहीं होतीं और वह उपलब्ध डाटा के आधार पर ही किसी नतीजे पर पहुंचती है। अब यदि डाटा ही सटीक न हो तो नतीजे भी नुकसान पैदा करने वाले हो सकते हैं। इस पर हैरानी नहीं कि अति उन्नत एआई को मानव सभ्यता के लिए संकट के रूप में भी देखा जा रहा है। इस आशंका को निर्मूल साबित करने वाले उपाय करना समय की मांग हैं और उन पर ज्यादा फोकस करना होगा। इस तरह की तकनीक तभी लाभकारी सिद्ध होती है, जब उसका उपयोग समझदारी, नैतिकता एवं विवेकपूर्ण होता है। ज्यादा जरूरी है उसके दुरुपयोग की आशंकाओं पर प्रभावी ढंग से लगाम लगाने की स्थितियों एवं तंत्र को विकसित करने की। एआई के मामले में ऐसा इसलिए अनिवार्य रूप से करना होगा, क्योंकि यह मानव जीवन को कहीं गहराई से प्रभावित करने की क्षमता रखती है। एआई एक नई तकनीक है और बहुत से लोग उसके प्रयोग के तौर-तरीकों से अपरिचित हैं। इसीलिए यह आशंका उभरी है कि उसके कारण रोजगार का संकट पैदा हो सकता है। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न नौकरियों पर एआई के प्रभाव को समझने के लिए एक व्यापक, डेटा-समर्थित अध्ययन आवश्यक है। आईएमएफ की एक रिपोर्ट ने अनुमान लगाया है कि एआई दुनिया भर में लगभग 40 प्रतिशत नौकरियों को प्रभावित करेगा, कुछ को प्रतिस्थापित करेगा और दूसरों को पूरक करेगा। यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि एआई अपने उपयोग के विकास के साथ नए प्रकार की नौकरियां भी पैदा करेगा। एआई पहले से ही विनिर्माण से लेकर बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा, कृषि और शिक्षा तक सभी क्षेत्रों में बदलाव ला रहा है। उदाहरण के लिए, शिक्षा क्षेत्र में, एआई व्यक्तिगत पाठ्यक्रम, परीक्षण, सीखने के तरीके और वितरण को सक्षम करके भारत के सीखने के परिदृश्य को बदल रहा है। निःसंदेह यह नई तकनीक अवसर बन रही है, तकनीकी विकास का सूरज बनकर नयी समाज संरचना को बल दे रही है। यह संभावनाभरा है कि पेरिस शिखर सम्मेलन में एआई के क्षेत्र में भारत और प्रमुख देशों के बीच सामंजस्य बढ़ने के संकेत मिले, लेकिन बात तब बनेगी, जब यह मंच एआई के नियमन एवं नियोजित विकास के लिए सहमति कायम करने की बुनियाद बने। एआई की तीव्र प्रगति और व्यापक अनुप्रयोग को देखते हुए, भारत के लिए अपना स्वयं का एआई सुरक्षा संस्थान स्थापित करना अपेक्षित है। ऐसा संस्थान सुरक्षित और नैतिक एआई प्रथाओं को विकसित करने, अनुसंधान करने और एआई के उपयोग में सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है।

## सूडोकु नवताल- 7343

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7342 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

# एआई की सौगात : संभावनाएँ और चुनौतियाँ

गिरीश्वर मिश्र

एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विकास और उपयोग की दिशा में वैज्ञानिकों और तकनीकविदों ने कमाल की बढ़त हासिल की है और उनके अभियान का क्रम लगातार जारी है। एआई बड़ा संक्रामक है और देश-काल की सीमाओं को तोड़ते-फ़लांघते वह जल, थल और अंतरिक्ष हर कहीं मनुष्य की अप्रत्याशित रूप से त्वरित पहुँच का विस्तार करता जा रहा है। वैसे तो एआई भी एक नैसर्गिक यानी स्वाभाविक मानवीय बुद्धि का ही करिश्मा है परंतु आज जिस गति से सबकुछ में निर्बाध दखल देते हुए इसके ज़रिए जो बदलाव लाए जा रहे हैं वे दुनिया का नक़्शा ही बदल रहे हैं। निर्माण अपने निर्माता की नियति तय करता दिख रहा है। आज वर्चुअल और डिजिटल को इस तरह स्थापित किया जा रहा है कि उनके आगे सत्य और यथार्थ हिलने-काँपने लगा है। मनुष्य सत्य और असत्य (झूठ) पर भरोसा करता आ रहा है। सत्य अर्थात् वह जिसका अस्तित्व है (सत्) परन्तु अब नाना प्रकार के सत्य अस्तित्ववान हो रहे हैं जिनमे अपनी पसंद से चुनना होता है पर जिस भी संस्करण के सत्य उभर रहे हैं उनके पीछे आ आई का हाथ ज़रूर होता है। वैसे तो किसी भी तरह के चुनाव का आधार मुख्य नियामक होता है ताकि होड़ लेते विभिन्न सत्यों के कई प्रत्याशियों के बीच असली या उपयोगी सत्य को खोज कर पहचाना जा सके। सत्य के साथ स्थिरता, निरंतरता और सातत्य या फिर अपरिवर्तनशीलता और विश्वसनीयता जैसे मानक भी स्वाभाविक रूप से जोड़ दिए जाते रहे हैं। परम और नित्य सत्य की परिकल्पना हमें ईश्वर के क़रीब पहुँचा देती है। आज जब सत्य के निर्माण की छूट मिल रही है तो उसके कई परिणाम सामने आ रहे हैं। सारी क़ानूनी मशीनरी सत्य का बाजार चला रही है। वह प्रमाण और साक्ष्य के माध्यम से मुकदमा चलने के दौरान मुल्तबी सत्य को अपने बल पर सत्य के खाँचे में फिट कर देती है। वकील और गवाह मिल कर सत्य रचते और तय करते हैं और वह जज के सत्यबोध से मेल खा जाए तो वह सुच्चा या निखालिस सच बन जाता है। यह दृष्टि सत्य की अस्थिरता या सापेक्षिकता और अन्ततः बहुलता की तरफ़ ले जाती है जिसके अच्छे-बुरे दोनों तरह के परिणाम हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता बहुत आगे जा रही है। वह वास्तविक बुद्धिमत्ता के उपयोग के अवसरों और अभ्यासों को जिस तरह बदल रही है उससे हमारी आदतें, व्यवहार शैली और जीने का अंदाज़ सबकुछ बदलता जा रहा है। इस तरह का व्यापक नवाचार हमारी अपने बारे में समझ को भी बदल रहा है। मनुष्यता के स्वभाव, बच्चों के पालन-पोषण, पढ़ाई-लिखाई आदि मनुष्य के रूप में निर्माण जैसे जरूरी उपायों के स्वरूप को प्रभावित कर रहा है। जीवन में एआई प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हर तरफ़ उपस्थित है। पिछले कुछ दिनों में डीप फेक और साइबर अरेस्ट जैसी घटनाओं ने एआई के उपयोग के अतिरेक से पैदा हो रही तमाम मुश्किलों की ओर ध्यान आकर्षित किया है जिनका संबंध जीवन की गुणवत्ता से है। एआई की पहुंच का विस्तार या रेंज बढ़ता ही जा रहा है। निजी जीवन में उसकी दखल दुरभिसंधि, भयादोहन, अंतरराष्ट्रीय संघर्ष, आर्थिक घोटाले और व्यापार जगत सबको संत्रस्त करने वाला साबित हो रहा है। एआई के उपयोग से काम में सुभीता, शीघ्रता और मात्रा को ध्यान में रखते हुए आज विभिन्न देशों में अपनी एआई की क्षमता बढ़ाने के लिए होड़ मची हुई है। भारत भी इसमें शामिल हो रहा है। औद्योगिक क्रांति जैसी क्रांति का लाभ न पाकर हम अब यह सोच रहे हैं कि एआई क्रांति से बड़ी लम्बी छलांग लगा लेंगे-यह आकर्षक पर ख़तरनाक हो सकता है। कुछ दिन पहले भारतीय मूल के नोबल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक वेंकी रामकृष्णन ने जयपुर में बोलते हुए स्पष्ट रूप से एआई की संभावनाओं के साथ इससे जुड़े बड़े ख़तरों की ओर ध्यान खींचा, शायद उससे निपटने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता काफ़ी न होगी। उसके किए समानुभूति, इतिहास और संस्कृति की समझ की भी दरकार होगी। बिना उस व्यापक संदर्भ के हमारे समाधान छिछले, संकुचित और नुक़सानदेह हो सकते हैं। सबकुछ तकनीक विशारदों पर नहीं छोड़ा जा सकता। एआई के नैतिक और सामाजिक आयाम भी हैं। शिक्षा में वे मानविकी और विज्ञान परौद्योगिकी दोनों को महत्व देने की वकालत कर रहे थे। तकनीकी और मानविकी के बीच की खाई पाटी जानी चाहिए। एआई का नियंत्रित उपयोग वहां हितकारी हो सकता है वहां कार्य क्षमता, उत्पादकता आदि ज़रूरी हों। हमें पूरा सच देखना होगा। प्राचीन ऋषियों ने ऐसे ही नहीं कहा था कि स्वर्ण के ढक्कन से सत्य का मुख ढंका हुआ है- हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यासपिहितम् मुखम। अतीत से विच्छिन्न, मूलहीन सभ्यता की नई इबारत लिखने वाली सोच अधूरी है।

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ख़ास काम बन जाने से आपका मनोबल बढ़ेगा। आज किसी भी प्रकार का इन्वेस्टमेंट करते समय अपने बजट का ध्यान रखें। इस राशि के जो लोग जॉब करते हैं उनकी तरक्की के योग बन रहे हैं, साथ ही आपका स्थान परिवर्तन भी हो सकता हैं। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप ज्यादा समय एकांत में बिताना पसंद करेंगे। आपकी बनाई गयी योजना आपके बिजनेस के लिए अच्छी साबित होगी। आज बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते हैं। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा होगा, लेकिन शाम का समय अपनी फैमिली के साथ बिताएंगी। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा, बिगड़े काम भी बन जायेंगे।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप पिछली गलतियों से कुछ नया सीखकर आगे बढ़ेंगे। आज आपका दिन कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की वजह से व्यस्त रहेगा। नए कार्यों को लेकर आपकी उत्सुकता बढ़ेगी। आपको आज धैर्य से काम लेने की जरूरत है और इसका लाभ आप आने वाले समय में देखेंगे। आज आपको मनचाही वस्तु मिलेगी जिससे आपका दिन प्रसन्नता पूर्वक बीतेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन बहुत ही शानदार रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब का बुलावा आ सकता है। आप सबको अपनी बातों से इम्प्रेस करने में सफल रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें आज सफलता मिलेगी। साथ ही आपको खूब मान-सम्मान भी मिलेगा। कुछ नये लोग आपसे जुड़ने की कोशिश कर सकते हैं। आज छात्रों का दिन अच्छा रहने वाला है।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। समय सीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीज़ें अच्छे से पूरी होंगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पायेंगे। आज आपके घर का माहौल ठीक बना रहेगा। घर में किसी रिश्तेदार के आने की संभावना है।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको उचित समय की पहचान करनी होगी। सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है। बच्चों की जरूरत को पूरा करने के लिये आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। आपका दोस्त आपको काम करने के लिये कह सकता है, आप उनके काम में सहयोग करेंगे। प्राइवेट नौकरी करने वालों को अपनी वाणी पर थोड़ा ध्यान रखने की जरूरत है।

**तुला राशिः**आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको अच्छा काम मिल सकता है। इससे आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। बच्चों को भी साथ में ले जा सकते हैं।

**वृश्चिक राशिः**आज का दिन आपके लिए फेबरेबल रहेगा। आपके जीवन में किसी नये कार्य की शुरुआत हो सकती है। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को किसी काम के लिये प्रोत्साहन मिल सकता है। आज आपको धन लाभ होगा। आज आपके ज्यादातर काम पूरे होंगे।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का मन बनायेंगे। आज आपके घर मेहमान आयेंगे, जिससे आपको दिन भर के शेड्यूल में चेंजेस करने पड़ सकते हैं। माताएं अपने बच्चों को कुछ अच्छा बनाकर खिलाएंगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाएँ बनी रहेगी। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस करती हैं उनके लिए लाभ के अच्छे योग बन रहे हैं।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज आप अपने अनुभव का सही इस्तेमाल करके किसी रुके काम को पूरा करने में सफल होंगे। आज घर के जरूरी कर्यों को पूरा करने में जीवनसाथी का सहयोग करेंगे। आज आप ऑनलाइन नया बिजनेस शुरू करने का प्लान बनायेंगे। आज आपको धैर्य से काम लेने की जरूरत है।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन शुभ रहेगा। मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं। संतान को करियर में बड़ी सफलता मिलाने के योग बने हुए है। आपको किसी काम से अच्छा लाभ मिल सकता है। अगर आप नई नौकरी की तलाश में हैं, तो बड़े भाई-बहनों की मदद से आपको नौकरी मिल सकती है।

**मीन राशिः**आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी काम में दूसरों की बातों को सर्वोपरि न रखकर अपने आप पर विश्वास करें तो लाभ अवश्य मिलेगा। किसी इम्पोर्टेन्ट काम में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। इस राशि की जो महिलाएं ऑनलाइन बिजनेस स्टार्ट करना चाहती है उनके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला हैं।

# जेईई मेन 2025 - क्यों है सवालों के घेरे में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ?

अशोक भाटिया, मुंबई

जेईई मेन 2025 सत्र एक का रिजल्ट घोषित हो चुका है, जिसमें राजस्थान के आयुष सिंघल) ने टॉप किया है, दूसरे नंबर पर कर्नाटक के कुशाग्र गुप्ता और तीसरे नंबर पर दिल्ली के दक्ष का एनटीए स्कोर 100 रहा है। वहीं जेईई मेन रिजल्ट को लेकर एनटीए यानी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) पर एक बार फिर से आरोप लग रहे हैं। दरअसल एनटीए ने त्रुटियों के कारण जेईई मेन 2025 फाइनल आंसर-की से 12 प्रश्नों को हटा लिया है, जो अब तक के इतिहास में सबसे अधिक है। ऐसे में एनटीए की निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा आयोजित करने की क्षमता पर सवाल उठ रहे हैं। प्रश्नों की कुल संख्या 90 से घटाकर 75 करने के बावजूद, त्रुटि दर बढ़कर 1।6% हो गई, जो ऐतिहासिक 0।6% से लिमिट से कहीं अधिक है। एनटीए की पारदर्शिता की कमी है, हटाए गए प्रश्नों की संख्या के बारे में इसके दावों में असंगतता है, जिससे "अंडर-रिपोर्टिंग" का संदेह पैदा होता है। एनटीए के महानिदेशक पी एस खारोला ने मीडिया के सवालों का जवाब नहीं दिया। शिक्षा मंत्रालय ने एनटीए से एक जवाब भेजा है जिसमें पाठ्यक्रम विसंगति की चिंताओं को नजरअंदाज किया गया है, जिससे इसकी जवाबदेही के बारे में संदेह गहरा गया है। एनटीए ने दावा किया कि 2023, 2024 और 2025 के सत्र 1 में छह प्रश्न हटाए गए थे, लेकिन 2025 की आंसर-की में 12 हटाए गए प्रश्न सूचीबद्ध हैं। टीओआई के विश्लेषण में पाया गया कि 2023 के सत्र 1 में पांच प्रश्न हटाए गए थे, जबकि 2022 के सत्र 1 और 2 में क्रमशः चार और छह प्रश्न हटाए गए थे। फरवरी और मार्च 2021 की परीक्षाओं में कोई प्रश्न नहीं हटाया गय।। इसके बावजूद, एजेंसी ने अपना बचाव करते हुए कहा, "इस साल की रिकॉर्ड-कम चुनौती दर और न्यूनतम त्रुटियां देश भर में इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटि-मुक्त परीक्षा प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए NTA की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती हैं।" देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में इतनी बड़ी संख्या में प्रश्न छूट जाने से संबंधित छात्रों और शिक्षकों के बीच चर्चा होना स्वाभाविक है। लेकिन अगर राष्ट्रीय प्रणाली, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को आईआईटी प्रवेश परीक्षा में दर्जनों प्रश्नों को छोड़ने के लिए मजबूर किया जाता है क्योंकि यह गलत है, तो सवाल केवल उच्च शिक्षा के बारे में उठते हैं। पिछले साल नीट-यूजी पेपर लीक के कारण प्रसिद्ध था। अब, जेईई-मेन के अवसर पर, इस साल के प्रवेश परीक्षा सत्र के विवाद परीक्षा प्रणाली की गलतियों के साथ शुरू हो गए हैं जो प्रश्न पूछ रहे हैं। जेईई-मेन परीक्षा में की गई गलतियां। हालांकि, मुख्य सवाल यह है कि परीक्षा आयोजित करने वाले सिस्टम कुशल क्यों नहीं हैं और इसलिए इस पर टिप्पणी करने की आवश्यकता है। जेईई-मेन आईआईटी में पहला कदम है और देश भर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में अखिल भारतीय सीटों को भरने के लिए इसके अंकों पर भी विचार किया जाता है। स्वाभाविक रूप से, देश भर से लगभग 15 लाख छात्र हर साल परीक्षा के लिए बैठते हैं। परीक्षा दो सत्रों में होती है, जिनमें से एक जनवरी में हुई थी, जिसे हाल ही में घोषित किया गया था और दूसरा अप्रैल में। प्रणाली के अनुसार, एक प्रश्न पत्र को देश भर में मुद्रित और वितरित किया जाना है, इसलिए परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र के पैर टूटने की संभावना कम है। इस अर्थ में, यह एक अच्छा तरीका है। हालांकि, यह थोड़ा जटिल है कि अलग-अलग सत्रों में अलग-अलग, लेकिन समान रूप से कठिन, प्रश्नों की आवश्यकता होती है। बेशक, पेपर लीक से बचने के लिए वह भी आवश्यक है। संक्षेप में, एक ही प्रवेश परीक्षा के लिए सैकड़ों प्रश्न तैयार करना जिम्मेदारी है। लेकिन, अगर उनमें से केवल बारह गलत हैं, तो यह कहना हास्यास्पद है, क्योंकि, 'एनटीए जैसी स्वायत्त संस्था से इस विषय पर बहुत सारे सवाल पूछने की जिम्मेदारी लेने की उम्मीद की जाती है। वास्तव में, यह संस्थान की स्थापना के उद्देश्यों में से एक है, जिसके लिए उनके पास देश भर से विषय विशेषज्ञ भी उपलब्ध हैं। इस वर्ष, जेईई-मेन के पहले सत्र के बाद प्रकाशित उत्तर पुस्तिका पर उठाई गई आपत्तियों को सत्यापित करने के बाद, एनटीए ने अंतिम उत्तर सूची प्रकाशित की और 12 प्रश्नों को छोड़ दिया। इसका मतलब है कि प्रश्न पत्र में 12 प्रश्न गलत थे। भौतिकी, गणित और रसायन विज्ञान के 25 प्रश्नों में से कुछ गलत थे और कुल 12 प्रश्न गलत थे। परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले सभी छात्रों को इन 12 प्रश्नों के पूर्ण अंक मिलेंगे, चाहे छात्र ने प्रश्न हल किया हो या नहीं। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंकों के अनुसार सभी को 48 अंक मिलेंगे। चूंकि सत्र अलग-अलग हैं, इसलिए पर्सेंटाइल का समग्र परिणाम पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, प्रश्न में गलतियों के कारण कई नए प्रश्न उठाए जा रहे हैं। इनकी तीव्रता कम नहीं होती। जबकि जनवरी में परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले सभी 12।5 लाख छात्रों को 48 अंक मिलेंगे, क्या होगा यदि कुछ छात्रों ने इन 12 प्रश्नों को हल करने के लिए बहुत शोर मचाया और इससे उन्हें अगले कुछ प्रश्नों को हल करने के लिए बहुत कम समय मिला, या अगले प्रश्नों के बारे में सोचने के लिए ज्यादा समय नहीं मिला और शायद वे अपने उत्तर से चूक गए? माना कि ऐसी घटनाओं को मापा नहीं जा सकता, लेकिन हम इस बात से कैसे इनकार कर सकते हैं कि ऐसा हो सकता था और एनटीए द्वारा उठाए गए गलत सवाल इसके लिए जिम्मेदार थे? NTA, एक स्वायत्त निकाय, यह सुनिश्चित करने के लिए स्थापित किया गया था कि प्रवेश परीक्षा अधिक पारदर्शी औप्रतिस्पर्धी तरीके से आयोजित की जाए। NTA ने अपनी वेबसाइट पर विषय विशेषज्ञों, सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं और सुरक्षा पेशेवरों की मदद से परीक्षा प्रणाली में खामियों को दूर करने के अपने इरादे की भी घोषणा की है। ऐसा क्या है यदि ऐसी गलतियाँ लापरवाही का संकेत नहीं हैं, ऐसी गलतियाँ लापरवाही की निशानी नहीं हैं, जिसके लिए अंग्रेजी में प्रश्न पत्र में एक ही उत्तर का विकल्प सही है, जिसके लिए भारतीय भाषाओं में प्रश्न पत्र में सही उत्तर के दो विकल्प उपलब्ध हैं? पिछले साल, उसी NTA द्वारा आयोजित NEET परीक्षा में अनियमितताएं थीं। कई छात्रों, विशेष रूप से कुछ केंद्रों के छात्रों को प्राप्त अंकों पर कई संदेह थे। यहां तक कि अगर पूरी परीक्षा फिर से आयोजित नहीं की गई थी, तो संदेह दूर नहीं हुए थे। क्या यह कहा जाना चाहिए कि ईमानदारी से परीक्षा देने वालों को परीक्षा प्रणाली द्वारा माना गया था? यह सिर्फ जेईई-मेन में हुई 12 गलतियों का सवाल नहीं है, यह एनटीए की विश्वसनीयता और पारदर्शिता के बारे में है। एनटीए जेईई-मेन, एनईईटी, यूजीसी-एनईटी, जेएनयू प्रवेश परीक्षा, जीपीएटी, सीमैट, आईसीएआर की अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा, आईआईएफटी की प्रवेश परीक्षा, पीएचडी और इग्नू की ओपनमैट परीक्षा सहित विभिन्न प्रबंधन पाठ्यक्रमों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा, दिल्ली विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा सहित विभिन्न प्रकार की परीक्षाएं आयोजित करता है। इन सभी प्रवेश परीक्षाओं की विश्वसनीयता हर साल होने वाली गड़बड़ियों के कारण दांव पर है। यह स्नातक प्रवेश परीक्षाओं के लिए NTA जैसी स्वायत्त संस्था की स्थापना की समस्या का हिस्सा है। दूसरा और भी कठिन है। हमारे देश में यथास्थिति के अनुसार कौन सी परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं? कक्षा 12 और 10 की परीक्षा में, अभी भी सामूहिक नकल के बारे में सख्त चेतावनी है, फिर भी नकल है। यह ठीक है कि परीक्षा प्रणाली को दोष नहीं दिया जा सकता है, लेकिन 'उन लोगों के बारे में क्या जिन्होंने ईमानदारी से परीक्षा दी?' यही सवाल भी बना हुआ है। अगला सवाल यह है कि परीक्षा देने वालों की परवाह कौन करता है और जो ऐसा करने में असफल नहीं होते हैं। यही एकमात्र प्रश्न है जो हमारी प्रणालियों की जटिलता को दर्शाता है। यूपीएससी, एमपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में प्रश्न, वे कब से आयोजित की जाएंगी और क्या आयोजित की जाएंगी, उम्मीदवारों की पीठ छोड़ना बंद नहीं किया है। इन सभी परीक्षाओं के लिए देश भर के लाखों छात्र बैठते हैं। इन छात्रों को अच्छी तरह से तैयारी करने में सक्षम होना चाहिए।इसके लिए इन छात्रों के अभिभावक पढ़ाने के लिए लाखों रुपये खर्च करते हैं। इसके लिए मकान और जमीन गिरवी रखकर पैसा जुटाया जाता है। ये सब एक अच्छे करियर के सपने को पूरा करने के लिए है। ऐसे कई लोग हैं जो दूसरी बार परीक्षा में बैठते हैं क्योंकि उन्हें पहले प्रयास में कम अंक मिले थे। क्या exam agencies को वास्तव में पता है कि हम कितने लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं के साथ खेल रहे है।




## केसरी वीरः लीजेंड ऑफ सोमनाथ का धमाकेदार टीजर रिलीज, ऐतिहासिक बायोपिक में नजर आएंगे सुनील शेट्टी सूरज पंचोली और विवेक ओबेरॉय

एक दिलचस्प ऐतिहासिक ड्रामा के लिए तैयार हो जाइए। सुनील शेट्टी, सूरज पंचोली और विवेक ओबेरॉय की मच अवेटेड बायोपिक केसरी वीर: लीजेंड ऑफ सोमनाथ का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर इसका टीजर जारी कर दिया है, जिसमें फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प लग रही है। इसके कुछ सीन्स ऐसे हैं जिन्हें देखकर आपकी आंखे खुली की खुली रह जाएंगी। पैनोरमा स्टूडियोज ने सोशल मीडिया पर टीजर शेयर करते हुए लिखा, प्तकेसरीवीर - धरम, आस्था, और प्तसोमनाथ की पवित्र भूमि की रक्षा का संग्राम प्तहरहरमहादेव, लेजेंड्सऑफसोमनाथ प्तअनसंगवॉरियर्स 14 मार्च, 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म की कहानी हमीरजी गोहिल नाम के एक बहादुर योद्धा की है, जो पवित्र सोमनाथ मंदिर की रक्षा और हिंदू आस्था की रक्षा के लिए तुगलक साम्राज्य की ताकत के खिलाफ खड़े थे। महान संघर्ष के समय पर आधारित, यह फिल्म निश्चित रूप से एक महान व्यक्ति की वीरता, बलिदान और दृढ़ संकल्प की कहानी को स्क्रीन पर दिखाएगी। इन्होंने भारत के इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। फिल्म की कहानी कनु चौहान ने लिखा है,जबकि इसका निर्देशन प्रिंस धीमान ने किया है। इस फिल्म से अकांक्षा शर्मा डेब्यू कर रही हैं। करीब 2 मिनट के इस टीजर में पूरी तरह से मारधाड़ दिखाई गई है। सुनील शेट्टी और विवेक ओबेरॉय के खतरनाक स्टंट और खूनी खेल देखकर आपकी रूह कांप जाएगी। फिल्म में हमीरजी गोहिल का किरदार सूरज पंचोली ने निभाया है। विवेक ओबेरॉय ने विलेन जफर खान की भूमिका निभाई है, जबकि सुनील शेट्टी वेगदा के किरदार में सूरज पंचोली के साथ धर्म की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ते हुए दिखाई देंगे।केसरी वीर: लीजेंड ऑफ सोमनाथ 14 मार्च 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अन्य कलाकारों की बात करें तो फिल्म में अरुणा ईरानी, बरखा बिष्ट, किरण कुमार, भव्या गांधी और मीनाक्षी चुग ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सूरज पंचोली लगभग चार साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी करेंगे। आखिरी बार उन्हें साल 2021 में आई फिल्म 'टाइम टू डांस में दिखा गया था।

# कैमरे में कैद हुआ अवनीत कौर का हॉट लुक

### मिनि स्कर्ट पहन एक्ट्रेस ने दिए सिजलिंग पोज







बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर सोशल मीडिया पर आए दिन अपनी ग्लैमरस और स्टनिंग फोटोज इंस्टाग्राम पर अपलोड कर अक्सर फैंस के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर हमेशा अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को अपने हुस्न का कायल करती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपनी बेहद ही ग्लैमरस फोटोज फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। अवनीत कौर की इन लेटेस्ट फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने चेक लुक में शर्ट पहनी हुई है, जिसके साथ उन्होंन बेज कलर के लुक में स्कर्ट पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही हॉट नजर आ रही हैं। बालों को स्टाइलिश पोनीटेल लुक देकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलूक को कंप्लीट किया है। उनका ये किलर अवतार देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। इंडियन हो या वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर एक अंदाज में कहर ढाती हैं।

हैं।



# रिवीलिंग गाउन पहन अमायरा दस्तूर ने इंटरनेट पर मचाया बवाल



बॉलीवुड अभिनेत्री अमायरा दस्तूर अपने फैशन सेंस के लिए लोगों के बीच काफी फेमस हैं। वो अपनी एक्टिंग से ज्यादा लुक्स के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में अमायरा दस्तूर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। अमायरा दस्तूर सोशल मीडिया स्टार हैं। उन्होंने अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही है। अमायरा दस्तूर की लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने ब्राउन कलर का रिवीलिंग गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही हॉट एंड गॉर्जियस नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस के गाउन का डिजाइन बेहद ही क्लासी लग रहा था। थाई हल्का सा कटआउट लुक देकर अमायरा दस्तूर ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। अमायरा दस्तूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। बता दें कि फैशन इंडस्ट्री में एक्ट्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से यह साबित हो गया है कि वो न केवल एक्ट्रेस हैं बल्कि फैशन आइकन भी बन चुकी हैं।

# ऑनस्क्रीन दामाद हर्षद चोपड़ा संग रोमांस करेंगी शिवांगी जोशी, एकता कपूर के नए शो में बनेगी जोड़ी





एकता कपूर के शोज हमेशा ही चर्चा में रहते हैं. अब वो एक नया शो लेकर आ रही हैं. इस शो में लीड रोल कौन प्ले करेगा इसे लेकर चर्चाएं हैं. पहले खबरें थीं कि एकता ये है मोहब्बतें स्टार दिव्यांका त्रिपाठी और करण पटेल को एक बार फिर से साथ लाने जा रही हैं, लेकिन उनका ये प्लान काम नहीं किया. अब रिपोर्ट्स हैं कि एकता ने हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी को फाइनल कर लिया है. रिपोर्ट के मुताबिक, पहले शिवांगी की जगह प्रणाली राठौड़ को इस रोल के लिए कास्ट करने की खबरें थीं. क्योंकि प्रणाली और हर्षद ने पहले शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में काम किया था. दोनों की जोड़ी और केमिस्ट्री को फैंस बहुत पसंद करते थे. लेकिन अब शिवांगी को इस रोल के लिए साइन कर लिया गया है. अब शो में शिवांगी और हर्षद को रोमांस करते देखा जाएगा. नई रिपोर्ट्स हैं कि शो सोनी टीवी पर ऑनएयर होगा. इसका टेंटेटिव टाइटल डिसाइड हो गया है. शो का टेंटेटिव टाइटल बहारें होगा. हालांकि, अभी तक किसी भी अपडेट को लेकर ऑफिशियल कंफर्मेशन नहीं है. बता दें कि शिवांगी जोशी ने ये रिश्ता क्या कहलाता है में प्रणाली की मां का रोल प्ले किया था. शिवांगी नायरा के रोल में थीं. वहीं हर्षद शिवांगी के दामाद के रोल में थे. हर्षद शो में अभिमन्यु बिरला के रोल में थे. वर्क फ्रंट पर शिवांगी को पिछली बार एकता कपूर के ही शो बरसातें में देखा गया था. वहीं प्रणाली की बात करें तो उन्हें एकता कपूर के शो कुमकुम भाग्य में कास्ट करने की खबरें आ रही हैं. प्रणाली इस सो में प्रार्थना के रोल में नजर आ सकती हैं.

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।